तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

पढ़ें पेज - 5




## खबर संक्षेप

### कृषि उत्पादन की संभागीय बैठक 29 को

**बिलासपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव की अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2025 की समीक्षा तथा रबी वर्ष 2025-26 के कार्यक्रम निर्धारण के लिए संभागीय बैठक 29 अक्टूबर को कोरबा कलेक्टोरेट सभा भवन में आयोजित किया जा रहा है। यह बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में संभागायुक्त बिलासपुर, संचालक कृषि, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, पशुपालन, मछली पालन, समेती, प्रबंध संचालक, बीज निगम, मार्कफेड, बीज प्रमाणीकरण संस्था, अपेक्स बैंक, मण्डी बोर्ड, दुग्ध महासंघ, विद्युत वितरण कंपनी छग, प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छग राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी, रायपुर, पंजीयक सहकारी संस्थाएं छग, निर्देशक, अनुसंधान सेवाएं, विस्तार सेवाएं, इंगांकृविवि रायपुर छग, दाउ श्री कामधेनु, विवि अंजोरा, दुर्ग, क्षेत्रीय प्रबंधक, नाबार्ड एवं विभागों के राज्य स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे।

### गोकने नाला की नहीं हो रही साफ सफाई

**बिलासपुर।** तिफरा स्थित गोकने नाला में इन दिनों काफी गंदगी है। नाले का पानी गंदगी व बदबूदार होने के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इसके आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि इस बारिश के कारण नाले का गंदा पानी बह जाता था। लेकिन अब ऐसा नही है। जैसे ही बारिश खत्म हुई गंदगी साफ दिखाई देने लगी। पन्नी, कचरा जमा हो गया है। नाले से गंदगी निकालने में निगम कोई रुचि नहीं ले रहा है। यहां तक की बच्चे नाले में उतरकर खेलते नजर आते हैं। पानी बदबूदार व गंदगी से यहां आसपास रहने वाले लोग काफी परेशान है। वहीं नाले के पास जुआरियों व शराबियों का जमावड़ा रहता है। जिससे यहां गंदगी पसरी हुई है।

### आवासीय स्कूल, एडमिशन के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी आवासीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। योजना के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (नेट्स) के माध्यम से किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश की परीक्षा दिसम्बर 2025 में संभावित है। प्रति वर्ष लगभग 3 हजार नए विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। चयनित विद्यार्थी कक्षा 12वीं तक की शिक्षा निजी विद्यालय में पूरा करते है।

### मंगला में 27 वां रावत नाच महोत्सव 11 को

**बिलासपुर।** मंगला में 27 वां रावत नाच महोत्सव का आयोजन 11 नवम्बर को किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए समिति के सदस्यों की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में इस साल भी महोत्सव बजरंग चौक छपरा भाठा में करने का निर्णय लिया गया। रावत नाच महोत्सव के अध्यक्ष सुजीत यादव ने बताया रावत नाच महोत्सव का क्रेज दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। दलों की संख्या के साथ-साथ दर्शकों की भी संख्या बढ़ रही है। इसलिए इस साल भी छपराभाठा में महोत्सव कराने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम की रुपरेखा तयकर ली गई है। मुख्य अतिथियों को लेकर भी चर्चा की गई है। अध्यक्ष सुजीत ने बताया पिछले साल 39 दल पहुचें थे। इस बार उससे ज्यादा आने की उम्मीद जताई जा रही है। दलों का मूल्यांकन 20 सदस्यीय निर्णायक दल करेंगे।

# 4 लाख बच्चों के स्कूलों में दाखिले और आधार कार्ड अपडेट जैसे काम अटके, क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र ने बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूएडीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। इस नए नियम से करीब 4 लाख बच्चों के दाखिले और आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया अटक गई है।

दरअसल वर्ष 2018 से 2020 के बीच राज्य में 6.16 लाख जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन हुए, जिनमें से 5.15 लाख प्रमाण पत्र जारी किए गए। इनमें से अधिकतर ग्रामीण इलाकों के लगभग 4 लाख मैनुअल प्रमाण पत्र क्यूआर कोड रहित हैं। अब आधार के लिए पहले डिजिटल सर्टिफिकेट बनवाना होगा, जिसमें कोड जनरेट होने के बाद ही आधार कार्ड बन सकेगा। यह लंबी और तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया है। पंचायत स्तर पर सर्वर की धीमी गति और प्रशिक्षण की कमी के कारण प्रक्रिया और भी धीमी हो गई है।

प्रदेश के लाखों परिवारों के ऐसे बच्चे हैं जिन्हें डिजिटल जन्म प्रमाण के नए नियम के चलते समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नए नियम बच्चों व पालकों के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। लाखों ग्रामीण परिवार अपने बच्चों के आधार कार्ड और स्कूल एडमिशन के लिए भटक रहे हैं, क्योंकि पुराने मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र अब आधार बनाने के लिए मान्य नहीं हैं।

अधिकारी भी मान रहे हैं कि 2021 के बाद से सभी जन्म प्रमाण पत्र केंद्र सरकार के पोर्टल से क्यूआर कोड सहित बन रहे हैं। फिर भी तकनीकी जानकारी की कमी और सर्वर की सुस्ती के कारण कई पंचायत सचिव अब भी मैनुअल प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं, जिससे बच्चों के आधार कार्ड अटक रहे हैं।

**आधार के लिए पहले डिजिटल सर्टिफिकेट बनवाना होगा, यह लंबी और तकनीकी रूप से जटिल प्रक्रिया है**




**अलग खबर**

### पालकों की लगातार बढ़ रही परेशानी

गौरतलब है कि गांवों में हजारों बच्चों ने पुराने मैनुअल प्रमाण पत्र के आधार पर स्कूल में दाखिला लिया है। अब स्कूलों द्वारा आधार अनिवार्य करने पर अभिभावक परेशानी में हैं। पोर्टल की धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों के चलते न तो नया डिजिटल प्रमाण पत्र समय पर बन पा रहा है, न आधार कार्ड। ऐसे में बच्चों समेत पालकों दोनों को परेशानी हो रही है।

### इस तरीके से होते चले गए बदलाव

गौरतलब है कि 2012 से पहले जन्म प्रमाण पत्र पूरी तरह मैनुअल तरीके से बनते थे। 2012 के बाद चिप्स के जरिए डिजिटल सर्टिफिकेट बनने लगे, लेकिन क्यूआर कोड नहीं होता था। 2015 में इसे अपडेट किया गया। शहरों में क्यूआर कोड के साथ सर्टिफिकेट बनने लगे, लेकिन पंचायतों में अब भी मैनुअल जारी होते रहे। 2021 के बाद भारत सरकार के केंद्रीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो गया, अब सभी सर्टिफिकेट क्यूआर कोड सहित बन रहे हैं। वर्तमान स्थिति में पुराने सर्टिफिकेट आधार के लिए अमान्य है। इससे ग्रामीण परिवार सबसे ज्यादा परेशान हैं।

### समस्या का ध्यान रखा जा रहा

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूएडीआई) ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल क्यूआर कोड वाले डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। इससे थोड़ी परेशानी तो है लेकिन बच्चों के एडमिशन में किसी तरह की समस्या ना आए इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। आधार अपडेशन की कार्रवाई में जरूर तकनीकी और जटिल प्रक्रिया के कारण समस्या हो रही है।

- आरपी आदित्य
संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

## 140 लोगों को नोटिस से मचा हड़कंप

# विद्या-विनोबानगर में 24 मेडिकल दुकानें, 22 ब्यूटी पार्लर, सुपर मार्केट व कोचिंग सेंटर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


शहर के सबसे पास इलाकों में से एक विद्या-विनोबानगर में लोगों ने घरों में दुकानें खोल ली हैं जबकि यह पूरी तरह आवासीय क्षेत्र हैं यहां कोई भी व्यवसायिक काम नहीं किया जा सकता है। यही नहीं इस क्षेत्र में 24 मेडिकल की दुकानें, 22 ब्यूटी पार्लर से लेकर, सुपर मार्केट, कोचिंग सेंटर और ज्वेलरी शाप चल रहे हैं। एक बड़ा अस्पताल भी फिलहाल इसी आवासीय क्षेत्र में बन रहा है जो कि नियमों के खिलाफ है। अब लगातार मिल रही शिकायत के बाद नगर निगम की ओर से ऐसे 140 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया है जो कि बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावासायिक कारोबार कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में हड़कंप है। हालांकि एक बार फिर निगम की कार्रवाई पर सवाल भी उठ रहे हैं क्योंकि एक बड़े बैंक, भाजपा नेता की डेयरी और कांग्रेस नेत्री के ब्यूटी पार्लर को नोटिस के दायरे से बाहर रखा गया है।

- बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावासायिक कारोबार, डेयरी ज्वेलरी शाप भी चल रहे हैं
- एक बड़ा अस्पताल भी फिलहाल इसी आवासीय क्षेत्र में बन रहा है जो कि नियमों के खिलाफ है

विद्या-विनोबानगर क्षेत्र पर नजर डालें तो जब मैग्नेटो माल बना था तो उसके सामने की रोड से लेकर एक तरफ व्यापार विहार और दूसरी तरफ श्रीकांत वर्मा मार्ग तक को कमर्शियल कर दिया गया था। बुलेट शो रूम के बगल से जाने वाले रास्ते से लेकर गायत्री मंदिर चौक तक, गायत्री मंदिर चौक से व्यापार विहार तक और गायत्री मंदिर चौक से लिंक रोड चौक तक लेकिन पूरा क्षेत्र अभी भी आवासीय ही है। यहां किसी प्रकार का कोई भी दुकान या व्यासायिक काम नहीं किया जा सकता लेकिन फिलहाल हालत यह है कि घरों घर में दुकानें खोल ली गईं हैं।



घरों और दुकानों में नोटिस चस्पा



इस क्षेत्र में फुटपाथ पर ठेले और दूसरे काम संचालित हों रहीं हैं। इसमें से अधिकांश के पास कोई अनुमति भी नहीं है। अब निगम ने लेकिन ऐसे लोगों को नोटिस दिया है। जिन लोगों ने नोटिस लेने से इंकार किया, उनके घरों और दुकानों में इसे चस्पा कर दिया गया है। नोटिस में भू स्वामी संबंधी दस्तावेज, स्वीकृत मानचित्र, संपत्तिकर और गुमास्ता लाइसेंस 3 दिन में पेश करने कहा गया है। जवाब पेश नहीं करने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अब इस नोटिस से हड़कंप है और अपने स्तर पर राजनीति भी शुरू हो गई है। निगम अधिकारियों पर दबाव भी डाला जा रहा है। हालांकि निगम का कहना है कि नियमानुसार ही कार्रवाई होगी।

### खुद कारोबार या किराए पर दे दिया

निगम के मुताबिक जिस मकान में भी बिना अनुमति के शटर वाली दुकान खोली गई है उससे जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे मकान मालिकों से उतने हिस्से का टैक्स कमर्शियल के तौर पर वसूला जाएगा। निगम के इस नए आदेश से ऐसे लोगों में जमकर खलबली है जिन्होंने अपने घरों में एक नहीं बल्कि कई दुकानें बना रखी हैं। वे इन दुकानों में खुद कारोबार कर रहे हैं या किसी व्यापारी को किराये पर दे रखा है। निगम के मुताबिक जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि घर के कितने हिस्से में दुकान है। यदि 1000 वर्गफीट के घर में 100 वर्गफीट की दुकान है तो केवल 100 वर्गफीट का ही व्यावसायिक टैक्स लगेगा।

### घरों में खुलीं हैं 10 हजार से ज्यादा दुकानें

गौरतलब है कि संपत्ति कर बढ़ाने को लेकर नगर निगम अपना सर्वे कर रहा है जिसमें कई बातें बातें सामने आ रहीं हैं। इसमें मालूम पड़ रहा है शहर में 10 हजार से ज्यादा मकान ऐसे हैं जहां दुकानें खुल गई हैं। इन दुकानों के बाहर किसी भी तरह की कोई पार्किंग नहीं है। इस वजह से वार्डों से होकर गुजरने वाली बायपास सड़कों पर जाम लग रहा है। इसका असर शहर की सभी सड़कों पर भी हो रहा है। ट्रैफिक जाम बढ़ रहा है। इतना ही नहीं मकान वाले निगम को संपत्तिकर आवासीय का दे रहे हैं, लेकिन दुकानों का उपयोग कमर्शियल हो रहा है। इससे निगम को हर साल करीब करीब 10 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

### दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया

निगम की ओर से ऐसे लोगों को नोटिस जारी किया गया है जो कि बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक कारोबार कर रहे हैं। नोटिस में भू स्वामी संबंधी दस्तावेज, स्वीकृत मानचित्र, संपत्तिकर और गुमास्ता लाइसेंस 3 दिन में पेश करने कहा गया है। जवाब पेश नहीं करने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

- **अनुपम तिवारी,** भवन शाखा अधिकारी

### मुझे भी नोटिस मिला है, जवाब देंगे

यह सही है कि क्षेत्र में मेरी भी डेयरी संचालित होती है। इसलिए मुझे भी नोटिस मिला है। इसका जवाब दिया जाएगा। देखा जाए तो विनोबानगर क्या बिलासपुर के हर मोहल्ले और कालोनी में इस तरह की दुकानें चलतीं हैं। अब निगम क्या कार्रवाई करना चाहता है, वही जानें।

- **मंजीत गोस्वामी,** वार्ड पार्षद

# रजिस्ट्री के पेपर सही नामांतरण में त्रुटि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में जमीन खरीदी-बिक्री करने वाले पक्षकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आटोमेटेड रजिस्ट्री प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत पक्षकारों द्वारा जमीन की रजिस्ट्री कराते ही नामांतरण भी हो जा रहे हैं। रजिस्ट्री के दौरान कई मामले ऐसे आए हैं, जिनमें रजिस्ट्री के पेपर तो ठीक हैं, लेकिन बी-वन में कहीं पिता का नाम, जाति या अन्य लिखावट में स्पैलिंग की गलतियां हैं। दिक्कत यह है कि इन गलतियों के सुधार की रजिस्ट्री आफिस में कोई गुंजाइश नहीं है। पक्षकारों को वापस राजस्व विभाग के ही चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

आटोमेटेड रजिस्ट्री ने जमीन खरीदने वाले नए मालिकों को एक ओर सहूलियत तो दी, लेकिन थोड़ी सी चूक से वापस राजस्व विभाग के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है। कुछ पक्षकारों के मामलों में रजिस्ट्री के दस्तावेजों में सारी जानकारी दुरुस्त है, लेकिन जैसे ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बी-वन की नकल हाथ में आई तो स्पैलिंग की गलतियां सामने आ रही हैं। हालांकि ऐसे मामले गिनती के ही हैं, लेकिन जिन पक्षकारों के साथ ऐसा हुआ है वे अब तहसीलदार व एसडीएम से अपने दस्तावेजों की त्रुटियां सुधारने राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहे हैं।



**अब राजस्व विभाग के चक्कर लगा रहे पक्षकार**

- आटोमेटेड रजिस्ट्री में अपने आप हो रहे नामांतरण
- बी-वन में त्रुटि हुई तो वापस पटवारी-तहसीलदार का चक्कर

### रजिस्ट्री विभाग के पास त्रुटि सुधार का कोई विकल्प नहीं

किसी भी संपत्ति की रजिस्ट्री एवं नामांतरण होने के बाद अगर दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की त्रुटि होती है तो इसके सुधार के लिए रजिस्ट्री विभाग के पास कोई विकल्प नहीं है। रजिस्ट्री के बाद तैयार किए गए साफ्टवेयर के जरिए नए संपत्तिधारक के नाम पर नामांतरण तो तत्काल हो जाएगा, लेकिन त्रुटि होने की दशा में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। पक्षकार को अपना प्रकरण लेकर संबंधित एसडीएम या तहसीलदार के पास ही उपस्थित होना पड़ेगा।

### फाइल चलेगी, पेशी मिलेगी, खर्चा अलग से

रजिस्ट्री व नामांतरण वाले दिन भी पक्षकार द्वारा अगर इस मामले को राजस्व विभाग के संज्ञान में लाया जाता है तो भी संबंधित तहसीलदार या एसडीएम द्वारा इसका तत्काल निराकरण नहीं किया जा सकेगा। सबसे पहले विभाग में प्रकरण दर्ज कर इसकी फाईल तैयार की जाएगी। इसके बाद पेशी दी जाएगी व प्रकरण की सुनवाई होगी। अगर त्रुटि छोटी या सामान्य हुई तो अखबार इश्तेहार प्रकाशन की जरूरत नहीं होगी, लेकिन बड़ी त्रुटि होने पर अखबार प्रकाशन भी कराया जाएगा। इसके अलावा पक्षकारों को समय के साथ-साथ पैसे भी खर्च करने पड़ेंगे।

### त्रुटि के आधार पर लगता है समय

यदि नाम की केवल मात्रा में त्रुटि है तो प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर सुधार जल्द हो जाएगा। जबकि पूरा नाम ही अलग है या भूमि के रकबे में अंतर आ गया है तो पूरी प्रक्रिया करनी पड़ेगी। इसके सुधार में समय लगेगा।

- **मनीष साहू**
एसडीएम बिलासपुर

### पक्षकार को भी ध्यान देना चाहिए

रजिस्ट्री विभाग के ऑपरेटरों द्वारा दस्तावेजों की कोई टाईपिंग नहीं की जाती। पक्षकारों को माईडीड साफ्टवेयर में दस्तावेज तैयार होने के दौरान अच्छे से पढ़कर व गलतियों को सुधारकर रजिस्ट्री के लिए अंतिम स्वीकृति दी जानी चाहिए।

- **आरके स्वर्णकार**
जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

### पक्षकारों को नहीं करनी चाहिए पढ़ने में जल्दीबाजी

रजिस्ट्री विभाग के सब रजिस्ट्रार नागेंद्र पटेल ने बताया कि शुरूआती दौर में एक प्रकरण इस तरह का आया था, लेकिन अब इसकी संभावना बेहद कम हो चुकी है। पक्षकारों को दस्तावेज लेखकों द्वारा टाईप करने के दौरान प्रूफ की गलतियों को ध्यान से पढ़कर सुधरवाना चाहिए। पक्षकारों द्वारा माईडीड सॉफ्टवेयर में रजिस्ट्री की हार्डकॉपी तैयार करने के दौरान प्रूफ की गलतियों को ध्यान से सुधारा जाता है, लेकिन यही सुधार ऑनलाईन प्रक्रिया के लिए भी ध्यान से किया जाना चाहिए। पक्षकार रजिस्ट्री की हार्डकॉपी को ही एकमात्र ओरिजनल पेपर समझते हैं और ऑनलाईन होने से पूर्व स्पैलिंग सुधारने में रुचि नहीं लेते, जिससे इस तरह की त्रुटि सामने आ जाती है।

## हमर लैब की हो रही दुर्गति, कलेक्शन सेंटर, गलियारे में बहता रहा पानी

# हमर लैब में भर गया गंदा पानी, प्रबंधन को नहीं लगी भनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल परिसर में प्रबंधन की लापरवाही हावी है। अस्पताल के हमर लैब में रविवार की सुबह सीवर का गंदा पानी भर गया। इस बात की जानकारी अस्पताल के स्टाफ और डाक्टरों को भी नहीं थी। सुबह क्लीनर के पहुंचने पर इसका खुलासा हुआ। खास बात यह है कि सीवर का गंदा पानी इतने संवेदनशील हिस्से में पहुंच गया लेकिन अस्पताल प्रबंधन को इसकी भनक तक नहीं लग सकी।

जिला अस्पताल में करोड़ों रुपए खर्च कर हमर लैब की स्थापना की गई है, लेकिन इसे संभालने में अस्पताल प्रबंधन फेल हो रहा है। बेहद संवेदनशील कहे जाने वाले हमर लैब में भर्राशाही हावी है। प्रबंधन ने ओपन एरिया से कलेक्शन सेंटर हटाकर यहां कर दिया गया है, जहां मरीजों को बैठने तक की जगह नहीं है, इसके साथ ही वेटिंग रूम नहीं है। जिसके



चलते मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। रविवार को हमर लैब में सीवर का गंदा पानी भर गया, सुबह हमर लैब की सफाई के लिए पहुंचे कर्मचारी को इसकी जानकारी मिली, उसने अपना काम करते हुए इसकी सफाई शुरू की। करीब ढाई घंटे तक लैब से गंदा पानी निकाला गया, लेकिन गंदगी और बदबू से पूरा परिसर दूषित हो चुका था। खास बात यह है कि यहां लोगों के खून,सीमन, पेशाब और अन्य बायो-लैबोरिटरी जांच की जाती है, काफी संवेदनशील होने के बाद भी प्रबंधन द्वारा इसे लेकर लापरवाही बरती जा रही है। अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी है।

### रोजाना होती है नोंकझोंक

सैंपल कलेक्शन के लिए यहां रोजाना नोंकझोंक होती है, संविदा कर्मचारी के भरोसे हमर लैब का संचालन किया जा रहा है, लेकिन रिपोर्ट के लिए मरीजों को एक से दो दिनों का इंतजार करना पड़ता है। सरकारी की ओर से 120 तरह की जांच रिपोर्ट मिलने का दावा किया जाता है, लेकिन जिला अस्पताल में महज 50 जांच ही हो रहे है। बाकी जांच के लिए डाक्टर मरीजों को सीधे सिम्स भेजते है।

### अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन

इस बारे में जानकारी लेने के लिए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता और आरएमओ डॉ प्रतीक प्रधान से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा।

# बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब मौसम में फिर बदलाव

**बिलासपुर।** एक बार फिर मौसम में बदलाव के आसार नजर आ रहे है, बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का असर देखा जा रहा है, इसके प्रभाव के चलते प्रदेश सहित आसपास के राज्यों में बादल मंडराने लगे है। इस दौरान कहीं-कहीं बुंदाबांदी भी हो सकती है।

छत्तीसगढ़, उड़ीसा जैसे राज्यों में एक बार फिर बारिश होने की संभावना बन रही है। दरअसल बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब के कारण हवाओं का रूख बदल गया है, गर्म और नर्म हवाओं के मिलने से आसमान पर बादल छाने लगे है। मौसम में बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिख रहा है, अक्टूबर का महीना बीतने को है लेकिन अभी तक ठंड की दस्तक नहीं हो सकी है।


छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. धर्मेन्द्र कुमार दास
अध्यक्ष-पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच
प्रदेश सह संयोजक - भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ (छ.ग.)
सदस्य-स्वशासी समिति, शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, बिलासपुर ( छ.ग.)
रूपलाल चावला
शशी मिश्रा
सतीश सिंह
विनीत - पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच एवं छठ पूजा समिति, बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### करंट से महिला की मौत आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा क्षेत्र के ग्राम जिवरी में एक महिला की करंट लगने से हुई मौत के मामले में पूंजीपथरा पुलिस ने तीन आरोपियों को गैर इरादतन हत्या के अपराध में गिरफ्तार किया है। दरअसल प्रार्थी सुनउ मांझी पिता दयाराम मांझी (45), निवासी ग्राम जिवरी ने 23 अक्टूबर को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनकी पत्नी घसनीन मांझी 21 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे गांव के ही रामकुमार मांझी के साथ घर से निकली थी और रात में वापस नहीं लौटी। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी। पतासाजी के दौरान 25 अक्टूबर को घसनीन मांझी का शव ग्राम जिवरी बकियानार में दिलीप अग्रवाल के खेत के पास बिजली के करंट से झुलसा हुआ पाया गया। मौके से पुलिस ने जीआई तार और बांस का डंडा जब्त किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण बिजली करंट से दुर्घटनात्मक मृत्यु बताया गया। जांच में सामने आया कि गांव के किर्तन मांझी, बलीराम मांझी और राजेश राठिया ने जंगली सूअर का शिकार करने के लिए खेत के ऊपर से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के हाई वोल्टेज तार में हुकिंग कर जीआई तार बिछाई थी। मृतिका उसी तार के संपर्क में आने से करंट लगने से मौत का शिकार हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग जांच में धारा 105, 3(5) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### प्रताड़ना से तंग गर्भवती महिला ने लगाई थी फांसी

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया था। मर्ग जांच में इस बात का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दरअसल आमगांव में अपने पति के साथ किराए के मकान में रह रही 27 वर्षीय शीतल सारथी ने 9 अक्टूबर को घर के म्यार में साड़ी से फांसी लगाकर ख़ुदकुशी कर ली थी। जब इसकी जानकारी उसके पति बसंत सारथी को लगी तो उसने अपने पिता पुनीराम सारथी को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुनीराम मौके पर पहुंचा और साड़ी को काटकर महिला को नीचे उतारकर खाट पर लेटाया, फिर घटना की सूचना तमनार थाना में दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। वही मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया।

# रमन नगर में सजी थी पटवारियों के जुए की महफिल, पकड़े गए 8 जुआरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के रमन नगर में पटवारियों के जुए की महफिल सजी थी। कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 40 हजार रुपए नगदी समेत दो कार और दो स्कूटी बरामद की गई है।

जांजगीर के रमन नगर स्थित एक मकान में लंबे समय से जुआ चलने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। पुख्ता सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने शनिवार 25 अक्टूबर की रात मौके पर दबिश दी। इस दौरान राजस्व पटवारी संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सहित 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों में राजस्व पटवारी संघ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिष कुमार सार्वे, हेमचंद तिवारी, रवि राठौर, उमेश कुमार पटेल, गोविंद कांवर, राहुल प्रताप सिंह, देवेश अंबष्ट और पटवारी का निजी ऑपरेटर हरीश सिंह शामिल है। पुलिस ने फड़ से नकद 40,200 रुपए, 52 पत्ती ताश, 6 मोबाइल, 2 कार, 2 स्कूटी सहित लगभग 20 लाख रुपए का माल जब्त किया है। कोतवाली पुलिस ने जुए पर कार्रवाई तो की, लेकिन बाद में इसे छिपाने का प्रयास भी किया गया। छोटी सी छोटी कार्रवाई की गज भर की प्रेस विज्ञप्ति पुलिस द्वारा जारी की जाती है, लेकिन रमन नगर में पकड़े गए जुए की जानकारी मीडिया से साझा नहीं की गई। कार्रवाई शनिवार की रात में हुई, लेकिन रविवार तक मीडिया पुलिस ग्रुप में इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चा हो रही है।



मौके से पकड़े गए जुआरी।

### कलेक्टर ने पटवारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के दिए निर्देश

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पटवारियों के जुआ खेलते पकड़े जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने पुलिस जांच में पटवारियों के विरुद्ध जुआ खेलने की गतिविधि में शामिल पाए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर सभी संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया है कि उक्त पटवारियों के विरुद्ध पुलिस जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत तत्काल कार्यवाही की जाए।

# विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन बहाली व संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक को संबोधित करते हुए।

■ विद्युत कंपनी के चेयरमैन ने आगामी नवंबर माह में आदेश जारी करने दिया आश्वासन

विद्युत कंपनी में नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी नवंबर माह में आदेश लागू किया जाएगा। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की मांग पर विद्युत कंपनी के प्रबंध निदेशक व मुख्य अभियंता एचआर ने संघ को आश्वासन दिया है कि नवंबर माह में इन सभी मांगों को लेकर आदेश जारी कर दिया जाएगा।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने 24 अक्टूबर को अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन), मुख्य अभियंता (एच आर) और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर 2004 के पश्चात नियुक्त नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि सहित संविदा कर्मचारी की ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, कैशलेश चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, राष्ट्रीय त्यौहार में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों का तर्कपूर्वक उल्लेख करते हुए सकारात्मक चर्चा की गई और इस संबंध में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपना प्रस्ताव विद्युत कंपनी प्रबंधन को प्रेषित किया और इसे शीघ्र ही आगामी नवंबर माह में लागू करने की मांग रखी। जिसके बाद विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक निर्णय लेते हुए इसे शीघ्र लागू करने आश्वाशन दिया गया है।

# पूर्व विस उपाध्यक्ष बनवारी लाल के पगड़ी रस्म कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विष्णुदेव साय

छग विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, कटघोरा के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व बनवारी लाल अग्रवाल के निधन पर बारहवीं एवं पगड़ी रसम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

पगड़ी रस्म 27 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिकजन उपस्थित होकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बनवारी लाल अग्रवाल का 15 अक्टूबर को निधन हो गया था। वे लंबे समय से सक्रिय जनसेवक, संगठनकर्ता और पार्टी के मार्गदर्शक के रूप में पहचाने जाते थे। उनका राजनीतिक जीवन समर्पण, सेवा और संगठन का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। स्व श्री अग्रवाल का जन्म 1 मई 1947 को हुआ था। उनका जन्म जिले के ग्राम जपेली में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने रायपुर विश्वविद्यालय से एमएससी, बीएड और एलएलबी की डिग्री हासिल की और वकालत को अपना पेशा बनाया। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के लिए कार्य किया। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। उन्होंने अपना जीवन संगठन, समाज और शिक्षा के प्रति समर्पित किया। उन्होंने शिक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला बिलासपुर और सावन पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली में अपनी सेवाएं दीं।

# होटल के कमरा नंबर 606 में गेल इंडिया के जीएम की संदिग्ध मौत, जांच में होगा खुलासा

■ कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** गैस पाइप लाइन का मुआयना करने पहुंचे गेल इंडिया लिमिटेड रायपुर के जनरल मैनेजर की रायगढ़ के होटल ट्रिनिटी में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है।



रविवार की सुबह होटल ट्रिनिटी के रूम नंबर 606 से उन्हें जिंदल हॉस्पीटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गेल कंपनी के अधिकारी की मौत किन कारणों से हुई, इसका अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। गेल इंडिया लिमिटेड की पाइप लाइन छत्तीसगढ़ में नागपुर से झारसुगुड़ा तक बिछाई जा रही है। इसके लिए काम भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में रायपुर में पदस्थ गेल इंडिया लिमिटेड के जनरल मैनेजर तेजराम बड़ा 25 अक्टूबर को गैसिंग पाइप लाइन का निरीक्षण करने के लिए रायगढ़ आये हुए थे और कोतरा रोड स्थित होटल ट्रिनिटी ग्रांड के कमरा नंबर 606 में ठहरे हुए थे। गेल इंडिया के अधिकारी मूलतः बिलासपुर के मंगला रोड में अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते थे। रविवार 26 अक्टूबर की सुबह उनकी पत्नी ने कई बार उन्हें फोन लगाया मगर उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। ऐसे में अधिकारी तेजराम की पत्नी ने होटल के स्टाफ से संपर्क किया और उन्हें जगाने के लिए कहा। इस पर जब होटल के स्टाफ ने मास्टर कार्ड से रूम नंबर 606 का दरवाजा तो अंदर का नजारा देखकर वे सन्न रह गये। अंदर गेल इंडिया के अधिकारी अचेतावस्था में अपने बिस्तर के नीचे जमीन पर पड़े हुए थे। ऐसे में तत्काल होटल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई और फिर उन्हें एम्बुलेंस से जिंदल हॉस्पीटल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

# दिवाली के बाद बादल छाने से बारिश के आसार

**कोरबा।** दीवाली के एक दिन पूर्व ठंड की दस्तक से ऐसा लगा था कि दीवाली के बाद ठंड की शुरुआत हो जाएगी। किंतु दीवाली के दो दिन बाद मौसम ने शुरु हुए बदलाव से एक बार फिर बारिश के आसार बढ़ गए हैं। मौसम विभाग ने भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। आसमान में बादल छाने से तापमान में भी बढ़ोत्तरी बनी रही। अक्सर दीवाली से ही ठंड की शुरुआत हो जाती है। अक्टूबर महीने समाप्ति होने को है और अब तक गुलाबी ठंड ने भी दस्तक नहीं दी है। दीपावली के एक दिन पूर्व से रात में ठंड की शुरुआत होने से यह एहसास होने लगा था कि जल्द ही ठंड शुरु हो जाएगी लेकिन ओडिसा के समुद्र में उठे ऊफान की वजह से मौसम में बदलाव का असर छग में असर पड़ा है। शनिवार को आसमान में बादल छाने से बारिश की संभावना बनी हुई थी। दिन भर बादल छाने से एक बार यह लगा कि देर शाम तक हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने भी इसके लिए अलर्ट जारी किया है। आने वाले दिनों में बारिश की संभावना जतायी जा रही है। मौसम के तापमान में भी वृद्धि देखी गई है। मौसम में आ रहे उतार चढ़ाव को लेकर आम लोगों के स्वास्थ्य में असर देखा गया है। उड़िसा के तटवर्ती क्षेत्रों से जब जब समुद्री हलचल पैदा हुई है उसका असर छग के मौसम में व्यापक रुप से पड़ा है। दशहरा तक जिस तरह से बारिश हुई है।



## खबर संक्षेप

### डा. रमन विश्वविद्यालय ने शिल्पी को दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने शिल्पी तिवारी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध कार्य भारत और चीन के बीच मुद्दों का राजनीतिक विश्लेषण विषय पर आधारित रहा। इस विषय पर उन्होंने पांच शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता डॉ. वीसी शुक्ला, पति तुषार तिवारी, तथा ससुर डॉ. प्रमोद तिवारी को दिया है।

### डिप्टी सीएम साव ने लघु फ़िल्म का किया लोकार्पण



**बिलासपुर।** दीपावली पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आर्यन फ़िल्म द्वारा निर्मित स्वच्छता जागरूकता लघु फ़िल्म सफाई हम सबकी जिम्मेदारी है का लोकार्पण किया। श्री साव ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं हर नागरिक का कर्तव्य है। दीपावली की असली रोशनी तब होती है जब हम अपने पूरे शहर को स्वच्छ बनाते हैं। फ़िल्म में दीपावली के दौरान घर और सार्वजनिक स्थलों की सफाई, तथा गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण का संदेश दिया गया है। इस लघु फ़िल्म का निर्देशन रामानंद तिवारी ने किया है और लेखन व कांसेप्ट रवि शुक्ला का है। फ़िल्म में कई स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया है। निर्माण आर्यन फ़िल्म के बैनर तले हुआ है, जबकि तकनीकी सहयोग डीओपी पप्पू ठाकुर और एडिटिंग जीतेन्द्र सिदार ने किया है। फ़िल्म को बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, डिप्टी कमिश्नर प्रवेश कश्यप, एसएसपी रजनेश सिंह सहित हरियाली सेवा फाउंडेशन का सहयोग मिला।

### ईदगाह चौक से सिम्स जाने वाली पर बिजली के तार से लिपटा पेड़ का नार



**बिलासपुर।** ईदगाह चौक से सिम्स चौक की ओर जाने वाली सड़क पर पेड़ का नार बिजली के तार से लिपटा हुआ है। शार्ट सर्किट से यहां कभी भी दुघर्टना हो सकती है। विद्युत मंडल की लापरवाही के चलते इसका खामियाजा यहां से गुजरने वाले व यहां के दुकानादारों को भोगना पड़ सकता है। चूंकि यह मार्ग शहर का व्यस्त रोड है। सड़क किनारे पेड़ का नार बिजली के तार से लिपटा हुआ है। इसमें कभी भी करंट आ सकता है। लोग इसकी चपेट में आकर दुर्घटना के शिकार हो सकते है। विद्युत मंडल को पेड़ की कटाई कर तार पर लिपटा नार को हटाना चाहिए जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके। क्षेत्र के लोग इसे हटाने काफी समय से मांग कर रहे हैं। इसके बाद भी किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### खपरगंज कबाड़ी मोहल्ला में कचरे का ढेर, निगम नहीं उठा रहा



**बिलासपुर।** खपरगंज कबाड़ी मोहल्ला में इन दिनों कचरे का ढेर लगा हुआ है। वार्ड में पेड़ काटकर उसकी डाली सड़क के किनारे फेंक दिया गया है। कचरे के इस ढेर में कभी भी आग लगने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। दीपावली खत्म होने के बाद भी यहां से पेड़ का डाली काटकर इसे फेंक दिया गया है। यहां अब धीरे धीरे कचरे ढेर लगने लगा है। नगम व वार्ड पार्षद की उदासीन रवैया से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

### तिफरा विकास नगर में दो माह से पसरा अंधेरा

**बिलासपुर।** तिफरा विकास नगर फ्लाई ओवर के नीचे जाने जाने वाली सड़क पर पिछले दो माह से अंधेरा पसरा हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन लोगों का देर रात तक आना जाना लगा रहता है। विद्युत मंडल आंख मूंदकर बैठा हुआ है। रिहायशी क्षेत्र की गलियों में अंधेरा होने से कभी भी बड़ी वारदात हो सकती है। अंधेरा होने से आए दिन यहां के लोगों को जान का खतरा बना रहता है। यहां के नागरिकों का कहना है कि विकास नगर में लोगों का देर रात तक आना जाना लगा रहता है। यहां के लोगों ने विद्युत मंडल से इस ओर ध्यान देकर मार्ग में पसरे अंधेरे को लाइट लगाकर दूर करने की मांग की है।

### काउंसलर मनोरोग भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 से

**बिलासपुर।** क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और काउंसलर मनोरोग भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 अक्टूबर से शुरू होगा। कुल 596 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से सूचना जारी की गई है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के 12 पदों पर भर्ती होगी। जबकि काउंसलर मनोरोग के 2 पद हैं। इसके लिए इसी साल अप्रैल में विज्ञापन जारी किया गया था। अब दस्तावेज सत्यापन होगा।



## सुआ नाच ने लूटी दर्शकों की वाहवाही

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति सुआ नाच लोगों के लिए यादगार पल लेकर आया। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन मैदान में 25 और 26 अक्टूबर को दो दिवसीय सुआ नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों की महिलाओं ने सुआ नाच का प्रदर्शन कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। मोन चिन्हारी छत्तीसगढ़ी सर्व छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा आयोजित इस नृत्य महोत्सव में महिलाओं ने सुआ गीत मन मोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। दो दिवसीय इस नृत्य प्रतियोगिता का 26 अक्टूबर को समापन हो गया। आकर्षक परिधान में सजी महिलाएं सुआ गीत पर जमकर नृत्य की प्रस्तुति दी। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। दर्शकों की भीड़ लगातार बढ़ती गई। कलाकार भी संगीत की धून पर जमकर नृत्य करते नजर आए। अतिथियों ने ताली बाजार उनका उत्साहवर्धन किया। ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं व युवतियों ने इसमें चारचांद लगा दिए।

### चुचुहियापारा में रहने वाले लोगों के लिए शुरु की गई थी सुविधा

# 5 करोड़ की लागत से चार साल पहले बनाए गए एफओबी और यूटीएस में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चार साल पहले पांच करोड़ रुपए की लागत से चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए बुकिंग काउंटर और एफओबी के रैंप व अन्य निर्माण कार्य किया गया था, अब रेल प्रशासन ने केवल दो फीट आगे बढ़ाने के लिए उसे तोड़ने काम शुरू कर दिया है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दूसरे छोर पर चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों को रेल प्रशासन से किसी तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। इसके कारण लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए टिकिट की खरीदी करने के लिए लाइन पार कर आना पड़ रहा था। लोग प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से एफओबी या फिर लाइन पार करते हुए एक नम्बर प्लेटफार्म तक पहुंचते थे, जिसमें कई बार टीटीई और आरपीएफ की कार्रवाई का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने कई बार लाइन पार यानि चुचुहियापारा की ओर आरक्षण और अनारक्षित काउंटर के साथ अन्य सुविधाएं देने की मांग रेल प्रशासन के सामने की। मांग करने के उपरांत पांच साल पहले जोनल और डिवीजन के अफसरों ने काउंटर व अन्य कार्यों को करने के लिए बजट बनाकर स्वीकृति के लिए रेलवे बोर्ड के पास भेजा था। रेलवे बोर्ड ने एक साल बाद डिवीजन रेलवे बिलासपुर को काउंटर व अन्य व्यवस्था के लिए राशि स्वीकृति की अनुमति प्रदान कर दी। करीब चार से पांच करोड़ रुपए की लागत से चुचुहियापारा की ओर गजरा चौक के पास जनरल टिकिट काउंटर जिसमें दो खिड़की के साथ लोगों के एक छोर से दूसरे छोर की ओर आने-जाने के लिए फुट ओवरब्रिज रैप व सीढ़ी सहित व अन्य कार्य किया। इस कार्य के पूरा होने के बाद तामझाम से उद्घाटन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। यात्रियों के लिए करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई अनारक्षित टिकिट काउंटर की बिल्डिंग और अन्य कार्यों को चार साल बाद अब तोड़े जाने का निर्णय रेल अफसरों ने लिया है। इसके लिए सड़क के किनारे शेड लगा दिया गया है, जहां से आवागमन अब पूरी तरह से बंद हो चुका है।



#### मिल रही है एफओबी की सुविधा

चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों में सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी और उनका परिवार भी शामिल है। इन लोगों को जनरल टिकिट काउंटर की तुलना में फुट ओवरब्रिज की सुविधा मिल रही है। लोगों एफओबी से स्टेशन के मुख्य गेट की ओर आना-जाना कर रहे थे। इसके टूटने से सैकड़ों लोगों की सुविधा बंद हो गई है।

#### किसी काम की नहीं पार्किंग

5 करोड़ रुपए की लागत से चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए जनरल टिकिट काउंटर, एफओबी के साथ दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए एक अलग से पार्किंग की व्यवस्था रेल प्रशासन ने की थी। पार्किंग के बनने के बावजूद किसी भी यात्री की गाड़ी यहां रखी नहीं की गई और न ही इसके लिए किसी तरह के टेंडर किए गए। यह पार्किंग वर्तमान में केवल मवेशियों के लिए काम आ रही है।

#### चल रहा है काम

स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में दूसरे छोर पर भी नई बिल्डिंग के साथ प्लेटफार्म व अन्य कार्य किए जाएंगे। इसके लिए सर्वे भी किया गया है, जिसमें वर्तमान में संचालित टिकिट काउंटर की बिल्डिंग और एफओबी के रैंप को तोड़ा जाएगा। इस बिल्डिंग को तोड़ने के बाद उसे पास ही शिफ्टिंग कार्य किए जाएंगे।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# चुचुहिया पारा अंडर ब्रिज में भरा नाली का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **रेल अफसर नहीं ले रहे संज्ञान**

आवश्यक रखरखाव नहीं होने के कारण चुचुहियापारा अंडर ब्रिज में नाली का गंदा पानी भर गया है। रेल प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बाद भी इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया।

चुचुहियापारा अंडर ब्रिज पानी निकासी नहीं होने के कारण यहां नाली का गंदा पानी भर गया है। प्रतिदिन इस अंडर ब्रिज से होकर सैकड़ों लोग प्रवेश करते हैं। गंदा पानी होने के कारण लोगों का निकलना मुहाल हो गया है। रेलवे अपनी सुविधा के लिए अंडर ब्रिज से बना दिया। मगर इसकी सही देख रेख व उचित पानी निकासी नहीं होने के कारण यहां बारिश में भी पानी भर जाता है। वर्तमान में यहां नाली का गंदा पानी भरने से लोग काफी परेशान है। कीचड़ युक्त सड़क से होकर लोगों का जाना काफी मुश्किल है। दुपहिया वाहन, पैदल लोगों का आना जाना काफी दुभर हो गया है।

यही हाल बारिश के समय भी होता है। बारिश के समय चुचुहियापारा ब्रिज के अंदर पानी भरा रहता है। यह नजारा किसी नदी या तालाब से कम नहीं दिखता। सिरगिट्टी सहित रेलवे के कर्मचारी इस अंडर ब्रिज से होकर जाते हैं। इस दौरान उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भी रेल अफसर आंख बंद कर बैठे हुए हैं। पैदल चलने वालों की हालत तो और भी खराब हो जाती है। अगर बाइक बीच में खराब हो जाए तो उन्हें दलदली और कीचड़ भरे रास्ते से बाहर निकलना पड़ता है।



चुचुहियापारा अंडरब्रिज में भरा नाली का गंदा पानी।

## पीएम के मन की बात भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने सुनी



**बिलासपुर।** नगर विधायक एवं भाजपा नेता अमर अग्रवाल के दिशा निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 127 वे एपिसोड को जिला अध्यक्ष दीपक सिंह वह जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 17 नेहरू नगर शक्ति केंद्र नर्मदा नगर बूथ क्रमांक 47 में संदीप शुक्ला के निवास पर पार्टी कार्यकर्ता व शांति नगर के नागरिकों के साथ सुना गया। मन की बात पर श्री मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए त्यौहार का सीजन स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति और देश के युवा नेतृत्व पर अपना विचार साझा किया। दीपावली व छठ पूजा की भी देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वे वर्ष और उनके महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन देने वाले गार्बेज कैफे शुरू किया गया है। इस अवसर पर पार्षद कार्तिक यादव, दिनेश स्वर्णकार, सचिन पांडे, चंद्रमा द्विवेदी, देवकरण शाह, प्रहलाद अग्रवाल, संजय सिंह ठाकुर, कृष्णकांत शुक्ला, नम्रता शुक्ला, आभा शुक्ला, निधि अवस्थी, सूर्यकुमार मिश्रा, शैलेश शुक्ला आदि मौजूद थे।

## डीईओ ने मिशन 90 प्लस योजना अनुसार कार्य करने प्रेरित किया

■ **परीक्षा में बेहतर रिजल्ट लाने का किया जा रहा प्रयास**

**बिलासपुर।** मिशन 90 प्लस योजना के तहत जिले के परिणाम को 90 प्रतिशत से अधिक लाने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सेजेस एमएलबी विद्यालय में किया गया। मनोज कुमार यादव ने बताया कि इसमें जिले के हिंदी विषय के 186 व्याख्याता उपस्थित रहे।

कार्यशाला में डीईओ विजय टांडे, रामेश्वर जायसवाल, नोडल जितेंद्र खोबरागड़े उपस्थित रहें। डीईओ श्री टांडे ने सभी को बेहतर रिजल्ट के लिए अभी से मिशन 90 प्लस की योजना अनुसार कार्य करने प्रेरित किया। श्री जयसवाल ने प्रवीण सूची के संबंध में जिले के छात्रों को अधिक से अधिक अंक लाने जिला स्तर पर योजना के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिए निर्देश से अवगत कराया। संजय कुमार पांडे, करीम खान, दिनेश बिसेन द्वारा हिंदी विषय पर उन्मुखीकरण व्याख्यान प्रस्तुत किया। साथ ही कक्षा दसवीं एवं 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने मार्ग प्रशस्त किया गया। छात्रों के साथ किस प्रकार से कार्य करना है। उसका लगातार निरीक्षण, परीक्षा, लगातार अभ्यास एवं जांच तथा छात्रों में लेखन शैली में आई हुई त्रुटियों का निराकरण कर उसे बताना एवं बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना। कार्यशाला का संचालन डॉ प्रदीप कुमार निर्णेजक ने किया। विषय विशेषज्ञ नवीन चौधरी एवं प्रताप पटेल थे।

## चंद्रा विकास समिति का कैरियर गाइड कार्यक्रम 9 नवंबर को




**बिलासपुर।** चंद्रा विकास समिति का दीपावली मिलन एवं मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष श्याम लाल चंद्रा एवं केंद्रीय युवा समिति के अध्यक्ष गोकुल चंद्रा की उपस्थिति में आयोजित की गई। समिति के सचिव के एल चंद्रा एवं महासचिव जी आर चंद्रा ने बताया कि दीपावली मिलन कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मासिक बैठक के मुख्य एजेंडा में आगामी वर्ष जनवरी 2026 में समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों, प्रतिभावान छात्रों एवं विभिन्न पदों में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों को सम्मान करने का निर्णय लिया। बैठक में युवा शक्तियों के लिए करियर गाइड कार्यक्रम 9 नवंबर को समिति के भवन में विभिन्न क्षेत्र में ख्याति प्राप्त शिक्षाविदों द्वारा करियर गाइड कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बैठक में महिला समिति द्वारा आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दायित्व सौंपा गया। आज की बैठक में कन्हैया, गणेश, पुष्पेंद्र, जीवन प्रकाश, राधेलाल, डॉक्टर बीपी, राजेंद्र देव, गनपत, कंचन, लखेश्वरी, उपाध्यक्ष हेमा, गंगा, गीता, पूर्णिमा, मीना, सनत कुमारी, सुनीता, पुष्प लता आदि मौजूद थीं।

### गांधी चौक से तारबाहर रोड का निर्माण जारी

# बारिश और त्यौहार समाप्त होते ही शुरू हुआ सड़कों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **छह सड़कें निर्माणाधीन**

सड़कों के निर्माण के लिए बाधा बनी बारिश के समाप्त होते ही अब लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। छह सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत गांधी चौक से तारबाहर के बीच डिवाईडर बनाने का काम जारी है।

विगत चार महीनों से जर्जर सड़कों का निर्माण प्रारंभ करने के लिए बारिश समाप्त होने का इंतजार कर रहे ठेकेदारों एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अंतर्गत गांधी चौक से तारबाहर तक 1. 80 किलोमीटर लंबी एवं 2.52 करोड़ रुपए लागत वाली सड़क के बीच डिवाईडर निर्माण जारी है। इसी तरह 1.80 किलोमीटर लंबाई एवं 1.30 करोड़ लागत वाली तारबाहर से नगपुरा, 10. 07 करोड़ लागत एवं 3. 80 किलोमीटर लंबाई वाली हिर्री से बिल्हा, 2.84 करोड़ लागत एवं 2.05 किलोमीटर लंबाई वाली दगौरी से मोहतरा, 4.06 करोड़ लागत एवं 2. 75 किलोमीटर लंबाई वाली गड़री से सल्खा एवं 11.29 करोड़ लागत एवं 14. 05 किलोमीटर लंबाई वाली चकरभाठा से दगौरी वाली सड़क का निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है। इन सड़कों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी थी, लेकिन बारिश के कारण निर्माण प्रारंभ नहीं किया जा सका था।



#### इन सड़कों की हालत बेहद जर्जर

शहर के भीतर कुछ सड़कें ऐसी हैं, जो बिल्कुल भी आवागमन के लायक नहीं हैं। इनमें पुराना बस स्टैण्ड चौक से लेकर भाजपा कार्यालय तक करबला रोड। नेहरू चौक से लेकर इंदिरा सेतु तक सड़क। इंदिरा सेतु के पहले से कुदुदंड जाने वाली सड़क। गांधी चौक से जूना बिलासपुर वाली सड़क भी बेहद जर्जर है, जिसमें आवागमन करने वाले तो परेशान हैं ही, लेकिन यहां दुकानदारी करने वाले व्यवसायी भी धूल से बहुत परेशान हैं।

#### इन सड़कों में जल्द ही होगा पेचवर्क

शहर के भीतर की बहुत सारी सड़कें बेहद जर्जर हो चुकी हैं। इन सड़कों के निर्माण की नई स्वीकृति प्राप्त होते तक सुलभ आवागमन के लायक बनाने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा पेंचवर्क कराया जाना है। इसके अंतर्गत अशोक नगर से आशाबंद मार्ग, शनिचरी रपटा से साइंस कॉलेज वाली सड़कों का पेंचवर्क जल्द ही किया जाना है।

#### बारिश बनी बाधा

बारिश समाप्त होते ही कुछ सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया जा चुका है, वहीं कुछ का निर्माण जल्द ही प्रारंभ होने वाला है। जिन सड़कों के नए निर्माण की स्वीकृति नहीं है, वहां पेंचवर्क किया जाएगा। पेंचवर्क के लिए भी काफी पहले से टेंडर किए जा चुके हैं, लेकिन बारिश के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा था।

**-सीएस विंध्यराज**
ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

## सेवानिवृत्त शिक्षक विद्यालयों में करेंगे निःशुल्क अध्यापन

**बिलासपुर।** जिले के विद्यालयों से सेवानिवृत्त हो चुके प्राचार्य, व्याख्याता एवं शिक्षक अब विद्यालयों में बच्चों को निःशुल्क पढ़ाएंगे। यह शैक्षिक अध्यापन कार्य पूर्णता निशुल्क होगा। सत्र के अंत में जिला प्रशासन इन शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने विगत कुछ वर्षों में सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों से अपील की है कि जो शिक्षक सेवानिवृत्ति के उपरांत भी अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिले में शिक्षा का अलख जगाने के लिए कक्षा अध्यापन करना चाहते हैं, वे स्वैच्छिक कक्षाध्यापन कर सकते हैं। डीईओ ने बताया कि सेवानिवृत्ति के पश्चात बहुत से शिक्षक स्वेच्छा से कक्षा अध्यापन करना चाहते हैं। ऐसे शिक्षकों की सेवाएं जिले, राज्य एवं देशहित में लेना प्रासंगिक होगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की यह पहल अनुकरणीय है और इससे न केवल शैक्षिक गुणवत्ता में विकास होगा बल्कि जिले के छात्र-छात्राओं की अकादमिक अभिरूचि भी बढ़ेगी।



एग्जाम

## अनुरेखक की परीक्षा में सरल प्रश्नों से खिले चेहरे

**बिलासपुर।** व्यापम द्वारा आयोजित अनुरेखक परीक्षा रविवार को 1 सेंटर में ली गई है। इस परीक्षा में 455 अभ्यर्थीयों पंजीयन कराया था। जिसमें 298 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई, 157 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहें। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया




कि प्रश्नपत्र मॉडरेट था,कुछ सवालों ने जरूर परेशान किया मगर अच्छे से हल हो गया। बता दें कि व्यापम ने परीक्षार्थियों परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटा पूर्व परीक्षा में प्रवेश दिया जा रहा था, उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन भी लिया गया। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया था। हल्के रंग के आधी बाही वाले कपडे व फुटवियर के रूप में चप्पल पहले परीक्षार्थी को प्रवेश दिया गया। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा केन्द्र से बाहर जाना भी वर्जित था।

आयोजन

## कैप्टन योगेन्द्र का यादव समाज ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** परमवीर चक्र से सम्मानित कारगिल युद्ध के योद्धा भारतीय सेना में विश्व विख्यात युद्ध की शौर्य स्मृति रेजांगला कलश यात्रा तथा अहीर रेजीमेंट की मांग मूव्मेंट की प्रमुख सदस्य कैप्टन योगेन्द्र यादव दो दिवसीय कार्यक्रम में आये हुए हैं। इस अवसर पर यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौजन्य मुलाकात कर सम्मानित किया गया। इस अवसर कैप्टन योगेन्द्र यादव युवाओं को सेना भर्ती के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र के विभिन्न आयामों पर चर्चा की तथा जब कभी भी कोई भी आयोजन हो तो मैं आप लोगों को पर्याप्त समय देने के लिए एवं युवाओं के मार्गदर्शन के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के दत्तात्रेय यादव, छोटेलाल यादव,भरत यादव, ईश्वर यादव, दिग्विजय यादव, सतीश यादव,सुरेंद्र यादव, व यादव समाज कल्याण समिति के सचिव तेरस यादव, युवा विंग के जिलाध्यक्ष भरत यादव, सतीश यादव, बंटी रोहित यादव, अशोक यादव, सहित यादव समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

धर्म-क्षेत्र

## मां महालक्ष्मी पूजन एवं श्रीमद्भागवत महायज्ञ सप्ताह का आयोजन



**बिलासपुर।** ग्राम सांवाताल में मां लक्ष्मी समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मां महालक्ष्मी पूजन एवं संगीतमय



श्रीमद्भागवत महायज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा। कथा व्यास पं. भूषण उपाध्याय अपनी मधुर वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। आचार्य पंडित संतोष कुमार दुबे विधिवत पूजा-अर्चना करा रहे, मुख्य यजमान सियानंद वर्मा एवं सरिता वर्मा हैं सातवां दिन का भागवत कथा कृष्ण सुदाम चरित्र की कथा सुनाई।

कार्यक्रम

## चंद्र दिवस पर कन्याओं का पूजन, बुजुर्गो का सम्मान



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसाइटी ने चंद्र दिवस पर सिंधी धर्मशाला गोल बाजार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें कन्याओं का पूजन कर बुजुर्गो का सम्मान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की मूर्ति पर माला पहना एवं पूज्य बहाराणा साहब की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर किया गया। महिला मंडली ने भक्ति भरे भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। दोपहर में आम भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में भगवान झूलेलाल की आरती की गई। पूज्य सिंधी पंचायत रामावैली, रामा वर्ल्ड, एवं यदुनंदन नगर में रहने वाले बड़े बुजुर्गों का संस्था के सदस्यों ने तिलक लगा, आरती व पाखर पहनाकर सम्मान किया गया। रुपचंद डोडवानी ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। संस्था के प्रमुख अध्यक्ष जगदीश हरद्वानी ने आभार व्यक्त किया।


# छठ का निर्जला व्रत शुरू, आज शाम देंगे सूर्य को अर्घ्य


**संस्कारधानी बिलासपुर में सूर्य उपासना का सबसे बड़ा महापर्व प्रारंभ हो चुका है। पर्व के दूसरे दिन रविवार को एशिया के सबसे बड़े स्थाई छठ घाट में स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर श्रमदान किया एवं प्रवीण झा के नेतृत्व में घाट की सफाई कार्य पूर्ण किया। इस दौरान भक्तों में उत्साह देखने लायक था। सोमवार 27 अक्टूबर को शाम को 5.25 बजे डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर का तोरवा छठ घाट एशिया का सबसे बड़ा स्थाई छठ घाट है। लगभग 7.5 एकड़ में फैले इस भव्य घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती है। महापर्व के दूसरे दिन रविवार को सुबह से समिति के सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के लिए श्रमदान किया। घाट प्रांगण एवं घाट के नीचे पानी में सफाई की गई। इसके अलावा सभी सदस्यों ने झाड़ू लेकर पूरे घाट की सफाई की। समिति के सदस्य प्रवीण झा ने भक्तों एवं समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी स्वयंसेवकों को साधुवाद दिया।

छठ पूजा समिति के सक्रिय सदस्य रौशन सिंह ने बताया यह महापर्व शुद्धता, पवित्रता एवं शुद्धता का महापर्व है। इस व्रत को संतान प्राप्ति, निरोगी काया एवं सुख समृद्धि के लिए किया जाता है। पृथ्वी लोक पर साक्षात प्रकट होने वाले सूर्य देव की आराधना का यह महापर्व है। पर्व की तैयारी में बुधवारी, शनिचरी, बृहस्पति, मंगला, सरकंडा, राजकिशोर नगर और तिफरा बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ रही।





### 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

छठ पर्व में खरना का दिन बेहद खास माना जाता है क्योंकि इसी दिन से कड़े नियमों वाला निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। व्रती पूरे दिन मन, विचार और शरीर को पवित्र रखने का संकल्प लेते हैं और शाम को पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस प्रसाद को परिवार और आस-पड़ोस के लोगों के साथ बांटना शुभ माना जाता है। इस दिन दूध, चावल और गुड़ की मिश्रण वाली गुड़ की खीर व गेहूं के आटे की रोटी बनाई गई। पहले प्रसाद सूर्य देव और छठी मैया को अर्पित किया गया। फिर व्रतियों ने इसे ग्रहण किया। इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है।

### खरना पूजा के साथ व्रतियों का निर्जला व्रत शुरू





लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। रविवार को शुद्धता, पवित्रता को ध्यान रखते हुए खरना का प्रसाद बनाया गया। चार दिवसीय महापर्व के पहले दिन व्रतियों ने स्नान के बाद कद्दू, अरवा चावल, चना दाल से बना प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया। रविवार को खरना के लिए मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी के जलावन से अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर, रोटी आदि का प्रसाद तैयार किया। जिसे व्रतियों सहित परिवार के सभी लोगों ने ग्रहण किया। घर में आने-जाने वाले को भी खिलाया गया।

### सिरगिट्टी में की गई छठ पूजा



सिरगिट्टी रेल्वे क्षेत्र न्यू लोको कॉलोनी स्थित त्रिपुर सुंदरी माँ मरी माई मंदिर प्रांगण तलाब में विगत 15 वर्षों से भव्य छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा, इस वर्ष भी दीपदान व गंगा महाआरती के साथ धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ इस शुभावसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रवीण झा और राजेंद्र शुक्ला का कार्यक्रम में आगमन हुआ। समिति अध्यक्ष रवि पासवान,सचिव केशव झा, उपाध्यक्ष सुनील पांडेय,पूजा प्रभारी तरुण अचारी, कोषाध्यक्ष सोमनाथ पांडेय,कार्यकरणी अध्यक्ष द्रोण सोनकलिहारी, अरविंद ओझा, मनोज पाल,हेमंत पाठक,रवि साहू,शम्भु भाई,अंकित मिश्रा,सौरभ, सुनील सिंह, समिति के अन्य सदस्यगण एवं कार्यक्रम में प्रबुद्ध जन स्थानीय पार्षद जोन अध्यक्ष विजय सिंह मरावी, दिनेश कौशिक, चन्द्रकान्त मंझवार,अरविंद मिश्रा,संजय यादव,कन्हैया कौशिक एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुगण सैंकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

### रजत जयंती को मनाया जा रहा भव्य रूप से

प्रवीण झा ने बताया कि महाआरती में करीब 5 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। इस साल पूजा का 25 वां वर्ष अर्थात रजत जयंती महापर्व है। जिसे और भी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। जिसमें छठ पूजा समिति के सभी सदस्यों का सक्रिय योगदान मिल रहा है। प्रवीण झा, डॉ धर्मेंद्र दास, अभय नारायण राय, सुधीर झा, बीएन ओझा भी जुटे हुए हैं। इस वर्ष महापर्व में करीब 60 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। इस दौरान 5 सौ से अधिक पुलिस कर्मी और वॉलिंटियर्स संयुक्त रूप से तैनात रहेंगे।



### समिति के सदस्यों ने किया श्रमदान

छठ घाट में मुख्य रूप से प्रवीण झा, विजय ओझा, अभय नारायण राय, धर्मेंद्र दास, राम प्रताप सिंह, सुधीर झा, रौशन सिंह, दिलीप चौधरी, पंकज सिंह, लव ओझा, धनंजय झा, एके कंठ, राम सखा चौधरी, हरिशंकर कुशवाहा, चंद्र किशोर प्रसाद, मुन्ना सिंह, रिंकू दुबे, प्रशांत सिंह, राजीव गिरी, धीरज झा, अशोक झा, शौलेंद्र सिंह, निर्भय चौधरी, रवींद्र कुशवाहा, हेमंत झा, अमरनाथ तिवारी, विनोद सिंहा, बसंत ओझा, संतोष राय, सन्नी गिरी, कुबेर डँसेना, अमन कुमार, सुभाष यादव, रविरंजन ओझा, अरुण सिंह, विद्यानंद दुबे, लालू ओझा, विनोद पांडेय, श्याम बाबू, अभिषेक ओझा, संतोष ओझा, आशुतोष पांडेय ने श्रमदान किया।



### दामोदर अष्टकम की मधुर धुन से झूम उठा जेपी हाईट्स

**बिलासपुर।** जे पी हाईट्स शुभमविहार में ललित अग्रवाल के निवास पर इस्कॉन प्रचार केंद्र के प्रभु युगल किशोर, आदि केशव प्रभु, सर्वमंगल प्रभु, सुलोचनानंद प्रभु,जीव गोस्वामी, विट्ठल विष्णु प्रभु, सूरजमल अग्रवाल, अकलतरा से नानकचंद अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, बिल्हा से बजरंगलाल अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रेणु अग्रवाल व अन्य भक्तों के मार्गदर्शन में शान्तिप्रिय, धर्मनिष्ठ श्रद्धालुओं ने दामोदर अष्टकम का मधुर पाठ के बाद दीप अर्पण किया गया। आयोजन में सर्वश्री निलेश अग्रवाल, अखिलेश तिवारी, मयंक अग्रवाल, अजय तोदी, मोहन अग्रवाल, डॉ निशांत शुक्ला, अनिल तिवारी, राजेश अग्रवाल, सुरेंद्र राजपूत, संजय सिंह राजपूत, मुकेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, प्रमोद अवस्थी, ईश्वर तिवारी, प्रो विनोद अग्रवाल, अखिलानन्द पांडेय, ईश्वर पटेल, राजेश शुक्ला, घनश्याम दुबे, श्रद्धानंद पांडेय, प्रमोद तिवारी, निशा ललित अग्रवाल, इंदुबाला पांडेय, डॉली अग्रवाल, मोनिका निलेश अग्रवाल, सरिता पांडेय, हनी मयंक अग्रवाल, नेहा राजपूत, निशा मुकेश अग्रवाल, अर्चना पांडेय, सरिता अग्रवाल, दक्षा पटेल, सविता अग्रवाल, डॉ श्रेया तोदी, कौशल्या साहू, स्मिता नामदेव, सुषमा अग्रवाल, राजकुमारी अवस्थी, अंतिमा अग्रवाल सहित वैष्णव भक्तगण उपस्थित रहे। निलेश प्रभुजी ने बताया कि कार्तिक माह में श्री कृष्ण महामंत्र का जाप से लाभ होता हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति हेतु गंगानगर स्थित इस्कॉन सेंटर में आने का आग्रह किया हैं। कार्तिक माह में दामोदर अष्टकम जाप व दीप दान अर्पण का यह आयोजन प्रति वर्ष अग्रवाल परिवार में आयोजित किया जाता हैं।

### महाकाली पूजन का समापन

**बिलासपुर।** अरविन्द नगर बंधवापारा सरकंडा में आयोजित सात दिवसीय महाकाली मां पूजन का शनिवार को भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर महिलाएं विशेष ड्रेस कोड में भारी संख्या में उपस्थित रहीं। आचार्य परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस पूजा में मां महाकाली की विशेष आरती, पूजा रात्रि 12 बजे एवं दिन के 12 बजे प्रतिदिन की जाती रही। शुक्रवार 24 अक्टूबर को दोपहर में सुहाग दान कार्यक्रम रखा गया है। इसमें कन्याओं, युवतियों को भोजन करा महिलाओं को सुहाग का सामान दिया गया। प्रतिमा विसर्जन शनिवार को 11 बजे सुबह किया गया। इस पूजा, आरती में हर दिन श्रद्धालु भक्तों की भीड़ रही। इस आयोजन से मोहल्ले का वातावरण आध्यात्ममय बना रहा। यह जानकारी लखन सिंह राजपूत ने दी।



स्पोर्ट्स न्यूज

# साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे बॉक्सिंग टीम ने रचा स्वर्णिम इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

79वीं पुरुष एवं 18वीं महिला ऑल इंडिया इंटर रेलवे बॉक्सिंग चैंपियनशिप में साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे की महिला बॉक्सिंग टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से परचम लहराया है। भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है, 23 से 27 अक्टूबर तक यह प्रतियोगिता गुवाहाटी में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के सभी रेलवे जोनों की टीमों ने भाग लिया। महिला वर्ग में साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे की बॉक्सर खिलाड़ियों ने अपने दमखम और अनुशासन का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरे टूर्नामेंट में वे केंद्र बिंदु बनी रहीं। एसईसीआर महिला बॉक्सिंग टीम ने पांच स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने जोन का नाम रोशन किया, बल्कि रेलवे खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय दर्ज कराया। इस प्रदर्शन के आधार पर टीम को पहली बार ओवरऑल चैंपियन ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जो साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इन सभी खिलाड़ियों ने न केवल अपने-अपने मुकाबले जीते, बल्कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, गति और तकनीक से पूरे आयोजन को प्रभावित किया। इनकी जीत ने यह साबित कर दिया कि साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे खेलों के क्षेत्र में तेजी से नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। वहीं पुरुष वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। साउथ ईस्टर्न रेलवे के आनंद डागर ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने जोन का मान बढ़ाया। उनका प्रदर्शन भी सराहनीय रहा और उन्होंने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी जगह बनाई।

### महिला वर्ग के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी

- ❖ सनमचा (विंग) – 70 किग्रा भार वर्ग
- ❖ भावना शर्मा (विंग) – 48 किग्रा भार वर्ग
- ❖ रेणु (विंग) – 54 किग्रा भार वर्ग
- ❖ पूनम (विंग) – 57 किग्रा भार वर्ग
- ❖ शशि चोपड़ा (विंग) – 65 किग्रा भार वर्ग





### कोच की रणनीति कारगर साबित

टीम की इस अद्भुत सफलता के पीछे हेड कोच वाय नागू राव और सहायक कोच ईश्वर राव की मेहनत, रणनीति और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों कोचों ने खिलाड़ियों को तकनीकी और मानसिक रूप से तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनका लक्ष्य था हर खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करे और इसी का परिणाम रहा की बिलासपुर की टीम जीत का परचम लहराकर खिलाड़ियों ने पदक जीता।

## खबर संक्षेप

### फिटनेस क्लब जिम में ओपन बेंच व डेडलिफ्ट प्रतियोगिता



**तखतपुर।** फिटनेस क्लब जिम तखतपुर में आयोजित ओपन बेंच एवं डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में क्षेत्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तखतपुर का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता के आयोजक फिटनेस क्लब जिम के मालिक कालेश्वर टंडन एवं प्रतियोगिता के प्रायोजक कादिर ऑटो के मालिक काशिम भैया थे। प्रतियोगिता में बहुत से खिलाड़ियों ने भाग लेकर मैडल एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कुछ खिलाड़ियों ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए नकद इनाम व शील्ड हासिल किया। इस प्रतियोगिता के रेफरी राज श्रीवास, कालेश्वर टंडन, राजमणी ठाकुर रहे। सहयोगी के रूप में लोडर सत्यवन कोशले, पावन पांडेय मौजूद रहे।

### सनराइज क्रिकेट सोसायटी का दीपावली मिलन समारोह



**मुंगेली।** सन राइज क्रिकेट सोसायटी के खिलाड़ियों ने दीपावली मिलन समारोह मनाया। जलेश यादव द्वारा संचालित क्रिकेट अकादमी सन राइज क्रिकेट सोसायटी में रविवार को दीपावली मिलन समारोह अकादमी में रखा गया, जिसमें खिलाड़ियों व कोच जलेश यादव ने भगवान गणेश की व क्रिकेट सामग्री की पूजा-अर्चना कर आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर सिद्धार्थ बजुरिया, महेश साहू, हरीश यादव, इंदर रात्रें, शिवांश साहू, वेदांत शुक्ला, श्रीकांत तिवारी, अर्थव सोनी, अक्षर उपाध्याय, तेजस्वी यादव, देवकी यादव, अश्विन पाण्डेय, दिव्यांश सोनवानी, चीनू वैष्णव, कोच जलेश यादव उपस्थित थे।

### 31 पाव देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



**लोरमी।** पुलिस व सायबर सेल की टीम ने अवैध नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से देशी शराब ब्रिकी करने वाले आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर स्थानीय पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम अमलडिही पुल के पास दबिश देकर 31 नग अवैध देशी प्लेन शराब कीमती 2 हजार 790 रूपए के साथ अमलडिही निवासी दियाली दिवाकर पिता स्व नंदु दिवाकर 50 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

### महिला के साथ गाली-गलौज मारपीट, मामला दर्ज


**तखतपुर।** घर में लगे पेड़ से सीताफल तोड़ने से मना किया तो पिता व पुत्री ने मिलकर महिला के गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोगीपुर निवासी देवजनी यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह अपने घर पर काम कर रही थी, तभी उनके भाई इंद्रकुमार यादव की बेटी कविता यादव उनके आंगन में लगे सीताफल के पेड़ से फल तोड़ने लगी। मना करने पर कविता अपने पिता के साथ आई और देवजनी के साथ गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर दी। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 296(2), 351(2), 115(2) , 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### पिता व छोटे भाई के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** पिता के साथ गाली-गलौज कर रहे बड़े भाई को समझाने गए छोटे भाई की पिटाई कर दी गई। शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ठाकुरकापा निवासी कलेश कुमार मेहर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, शनिवार की सुबह करीब 6:30 बजे उसका भाई सौखी मेहर बिना किसी कारण उसके पिता के साथ गाली-गलौज कर रहा था। जब उसने बड़े भाई भाई सौखी मेहर को ऐसा करने से मना किया तो, उसने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मुक्के व हाथ से मारपीट कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

## निधन

### कौशल्या खरे



**मोपका।** मोपका के प्रतिष्ठित नागरिक राजकुमार की धर्मपत्नी कौशल्या खरे का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे 5 पुत्र व एक पुत्री सहित नाती पोते से भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। वे दिलहरण खरे, बाहेरिक खरे, बबलू खरे, स्व अजय खरे, स्व विजय खरे की माता थीं। उनके शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

मुख्य अभियंता ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

# सभी घरों तक पहुंचे शुद्ध पेयजल कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**मुंगेली।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय सिंह ने जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि, सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कर प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।



मुख्य अभियंता ने इस दौरान लोरमी विकासखंड के ग्राम खुड़िया में निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, जेडबीआर, एमबीआर एवं फिल्टर बेड का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि, कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि गांवों में समय पर जल प्रदाय शीघ्र प्रारंभ हो। इसके पश्चात मुख्य अभियंता श्री सिंह ने विकासखंड के ग्राम छाता में निर्माणाधीन जेडबीआर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और कहा कि, जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य शासन का उद्देश्य "हर घर नल से जल" उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी स्तर पर विलंब या गुणवत्ता में समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। निरीक्षण उपरांत श्री सिंह ने खंड कार्यालय में विकासखंडवार समीक्षा बैठक लेकर लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशि दिया कि, सभी योजनाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करें, ताकि आमजन को शीघ्र पेयजल की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि, कार्यों की सतत मॉनिटरिंग और स्थल निरीक्षण के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राणा, पथरिया एसडीओ सुधाकर सोनकुशरे, एसडीओ आशीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होताः पं. चन्द्रशेखर

**तखतपुर।** शिव शक्ति मानस महिला मंडली समिति की ओर से देवांगन मोहल्ला शिव मंदिर में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पंडित चन्द्रशेखर ने कथा विस्तार करते हुए कहा कि, सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता है।



दक्ष प्रजापति शिव को तपस्वी, भस्म विभूषित, सर्प धारी और औघड़ समझकर उन्हें अपने योग्य दामाद नहीं मानते थे, किन्तु ब्रह्माजी और विष्णुजी के आग्रह पर दक्ष को अनिच्छा से विवाह स्वीकार करना पड़ा। इस प्रकार सती का विवाह भगवान शिव से हुआ, और वे कैलाश पर्वत पर रहने लगीं। कुछ समय बाद दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी देवता आमंत्रित थे, परंतु भगवान शिव और सती को नहीं बुलाया गया। सती ने जब यह जाना तो शिवजी के समझाने पर भी नहीं मानीं और पिता के यज्ञ में चली गईं। जब सती वहां पहुंचीं तो दक्ष ने उनका और शिवजी का अपमान किया। यह देखकर सती अत्यंत दुखी और क्रोधित हुईं, और उन्होंने यज्ञ अग्नि में अपने शरीर का त्याग कर दिया। जब यह समाचार भगवान शिव को मिला, तो वे क्रोध से भर गए। उन्होंने अपनी जटा से एक बाल तोड़कर वीरभद्र और भद्रकाली को उत्पन्न किया, और यज्ञ स्थल तहस-नहस कर दिया। साथ ही उन्होंने दक्ष का मस्तक काट दिया। देवताओं ने विष्णु जी से प्रार्थना की एवं विष्णु जी ने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के टुकड़े कर दिए, ताकि शिव का शोक समाप्त हो।

## कोटा में जश्न-ए-गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन




**करगीरोड कोटा।** हुसैनी यंग कमेटी मुस्लिम जमात कोटा के तत्वावधान में 22 अक्टूबर को जश्न ए गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हिंदुस्तान के जाने-माने शायर-ए-इस्लाम शकील शादाब, नूरुल हुदा पैकर, कोलकाता से अजमत इलाहाबादी और नकीब-ए-आजम हलचल शिवानी उपस्थित रहे। वहीं बिलासपुर सुन्नी हुसैनी मस्जिद के खतीब-ए-इमाम हाजी सैय्यद जाहिर आगा साहब और नातख्वां दानिश, अराफात शाकीबी, रिजवी रजा कादरी, सलीम रिजवी ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा मस्जिदे ताहा के पेश इमाम हाफिज गुलजार रिजवी ने की, जबकि सरपरस्ती मस्जिद कमेटी के सदर जनाब बशीर बेग ने की। जलसे में कोटा के अलावा आसपास के इलाके नयापारा, बिल्लीबंद, करखा, करगीकला, घुमा, लमकेना, सलका, बेलगहना, रतनपुर, बिलासपुर, तखतपुर, लोरमी, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा, नैला-जांजगीर, कोरबा, कवर्धा और पंडरिया से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कॉन्फ्रेंस के दौरान शकील शादाब, नूरुल हुदा पैकर और अजमत इलाहाबादी के कलाम पर लोगों ने जमकर वाहवाही की, जबकि हलचल शिवानी की मंच संचालन ने कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्था में हुसैनी यंग कमेटी व मस्जिद कमेटी के सदस्य मोहम्मद जावेद खान, मोहम्मद सुबराती, साहेब आलम, फिरोज खान, फरीद खान, मोहम्मद निजाम, आसिफ खान, राजा खान, रहमत अली, अमजद अली, अफजल खान, सिराज फारूकी, रफीक खान और अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तोखन ने की नर्मदा की पूजा, रामभद्राचार्य से सुनी भागवत कथा

**पेंड्रा।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू एक दिवसीय प्रवास पर जीपीएम पहुंचे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान श्री साहू ने छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित धर्म आस्था और तीर्थ नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा उद्गम स्थल पर विधिवत पूजन-अर्चन कर दर्शन किया। मां नर्मदा के दर्शन के उपरांत वे पेंड्रा स्थित कथा स्थल पहुंचे, जहां जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज द्वारा सात दिवसीय दिव्य भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कथा श्रवण किया और संत समाज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान स्वामी रामभद्राचार्य ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि, मोदी जी मेरे अच्छे मित्र हैं। मोदी जी से जाकर कहना कि, यह कथा उन निर्दोष लोगों को समर्पित है, जो नक्सली या आतंकवादी हमले में मारे गए हैं। इससे पूर्व तोखन साहू मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने मरपच्ची की माताजी के निधन पर संवेदना व्यक्त की। अमरकंटक में नर्मदा दर्शन के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि, हमने मां से यही प्रार्थना की है कि, उनकी कृपा, स्नेह और आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। राष्ट्र और प्रदेश सुख, समृद्धि और संपदा से परिपूर्ण रहे। जब उनसे अमरकंटक—पेंड्रा मार्ग की जर्जर स्थिति के संबंध में प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि, वर्षा काल के दौरान मार्गों की हालत खराब हुई है, सुधार कार्य कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने पवित्र नगरी अमरकंटक के चौमुखी विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए प्रमुख पर्यटन और धार्मिक तीर्थ स्थलों का विकास कराने का आश्वासन दिया है।

■ जगतगुरु रामभद्राचार्य की भागवत कथा में हुए शामिल




## विधायक धरमलाल ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**बिलासपुर।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने ग्राम हरदी के बूथ क्रमांक 132 पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के 127वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्रामीणों ने बड़े उत्साह और ध्यानपूर्वक माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सुने। 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने अंबिकापुर नगर निगम की एक प्रेरणादायक पहल का उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत नगर निगम की ओर से प्लास्टिक के बदले भोजन और नाश्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल न केवल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचाने का एक उत्कृष्ट प्रयास भी है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेते हुए 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात किया और 'हर-घर स्वदेशी' के संकल्प के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का प्रण लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने स्वदेशी संकल्प पत्र भरकर राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। यह आयोजन बिल्हा क्षेत्र में जनभागीदारी, स्वदेशी भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त रूप देने की दिशा में एक प्रेरक पहल रहा।



### मल्हार में जुटे भाजपाई, कहा- प्रेरणादायी एपिसोड



**मल्हार।** वार्ड 14 के पार्षद रमेश यादव के निवास पर रविवार को प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' की 127वीं कड़ी का लाइव प्रसारण सुना व देखा गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि, मन की बात का हर एक एपिसोड प्रेरणाप्रद रहता है एवं जिससे नई ऊर्जा मिलती है। 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्र में भी इस बार दीपावली पर्व उत्साह व धूमधाम से मनाने का जिक्र किया एवं छठ पर्व की भी चर्चा की। वहीं, अंबिकापुर जिले में प्लास्टिक कचरा के बदले खाना और नाश्ता देने वाली कैंटीन का जिक्र किया जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए बहुत ही गर्व व प्रेरणादायी है। साथ ही पीएम मोदी ने सरदार पटेल को भी देश का गौरव बताया। इसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में कोरमा भीम तथा बिरसा मुंडा की अमिट छाप को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

### पदाधिकारियों ने कहा- समसामयिक विषय पर चर्चा



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को रामगढ़ बूथ में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं बूथ पदाधिकारियों की मौजूदगी में सुना गया। प्रत्येक माह के आखरी रविवार को प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलग-अलग समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हैं तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए देशवासियों को प्रेरित करते हैं।

## भक्ति से ही समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचारः लहरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

समीपवर्ती ग्राम नरगोड़ा में इन दिनों मां काली उत्सव की धूम है। शिवसागर चौक में दिवाली के दिन से मां काली की प्रतिमा विधि-विधान पूर्वक विराजित की गई है। शनिवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जनपद सदस्य विजय गुप्ता, देव सिंह पोरते, देवी कुर्रे, तथा युकां जिला उपाध्यक्ष राजू सूर्यवंशी मुख्य रूप से शामिल हुए।



■ भक्ति की लौ से जगमगाया नरगोड़ा, गांव में काली उत्सव की धूम

विधायक दिलीप लहरिया ने मां काली के चरणों में नमन करते हुए कहा कि, भक्ति से ही समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मां काली जैसी शक्तिदायिनी देवी की आराधना हमें बुराइयों के विनाश और सद्भाव के मार्ग पर चलना सिखाती है। गांव के युवा जिस समर्पण और उत्साह से यह आयोजन कर रहे हैं, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि, नरगोड़ा का काली उत्सव गांव की परंपरा, आस्था और एकता का प्रतीक है। यह आयोजन नई पीढ़ी को हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रहा है, जो प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका देवी निषाद ने अपने मनमोहक भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। काली उत्सव समिति एवं यंग ग्रुप समिति के तत्वावधान में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु विधिवत पूजा-अर्चना में शामिल हो रहे हैं। गांव में चारों ओर मां काली के भजनों की गूंज से भक्तिमय वातावरण व्याप्त है। समिति सदस्य प्रमित कोरी ने बताया कि यह परंपरा विगत कई वर्षों से निरंतर चल रही है। आयोजन में युवाओं के साथ पूरे ग्रामवासी तन-मन-धन से सहयोग करते हैं। दस दिनों तक चलने वाला यह उत्सव पूरे क्षेत्र में ऊर्जा, एकता और श्रद्धा का प्रतीक बन गया है। सुबह-शाम आरती के समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मां काली के दर्शन और आराधना के लिए आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरा गांव तोरण पताकाओं और आकर्षक पांडालों से सजा हुआ है। प्रतिदिन रात्रिकालीन जगराता और जसगीत का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के सफल संचालन में परमेश्वर श्रीवास, सुरेश जायसवाल सहित दीनू भोई, धनेश भोई, गजेन्द्र केवट, देवचरण साहू, प्रमित कोरी, मणिशंकर साहू, दीपक साहू, रामकृष्ण साहू, आनंद भोई, रवि, आशीष, भुनेश्वर, सूरज और यंग ग्रुप समिति के साथ समस्त ग्रामवासी प्रशंसनीय योगदान दे रहे हैं।

# पीएम मोदी के दौरे को लेकर बैठक, रूपरेखा तय

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर मुंगेली भाजपा की अति आवश्यक कामकाजी बैठक अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में स्वागत भाषण व कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास की सम्पूर्ण कार्ययोजना की रूपरेखा की जानकारी दी।

साथ ही बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू द्वारा निकाली जाने वाली 'रन फॉर यूनिटी' पदयात्रा में सहभागिता को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। मुख्य वक्ता विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, सभी कार्यकर्ता भाजपा परिवार के कर्मठ सदस्य हैं। इस कार्यक्रम में वह सहयोग का भाव लेकर जो उपलब्ध संसाधन हैं, उसका समुचित उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की ताकि बैठक के लिए स्थान मिलने में असुविधा ना हो। साथ ही उन्होंने सरदार पटेल के 150 वीं जयंती के कार्यक्रम को सफल बनाने सभी से आग्रह किया। जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा ने बूथ स्तर पर सारी व्यवस्थाओं को ले जाकर उक्त दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने संसाधनों और व्यवस्थाओं को लेकर प्रकाश डाला अलग-अलग विधानसभा स्तर पर अलग-अलग व्यवस्था की जाए, ताकि सभी कार्यकर्ताओं को रायपुर जाने में सुविधा हो तथा आवागमन में असुविधा ना हो। बैठक के दौरान आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक ने किया एवं मंच संचालन जिला महामंत्री कैलाश सिंह ने किया। इस अवसर पर कन्हैयालाल बैद एवं गोपाल साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, जनपद पंचायत लोरमी अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जनपद पंचायत सरगांव अध्यक्ष परमानंद साहू, लोरमी नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश शुक्ला, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवशरण भास्कर, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा मौजूद थे।




बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा पुलकित अग्रवाल पिता गजानंद अग्रवाल निवासी बिलासपुर से इनके नाम पर ग्राम सिपत मन 4 प.ह.नं. 00004 रा.नि.मं. सीपत तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 916/1 रकबा 0.0650 एवं 917/1 रकबा 0.1290 का कुल रकबा 0.1940 खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- आशीष गुप्ता
पिता लतेल राम
निवासी शंकर ज्वेलर्स सदर
बाज़ार सीपत बिलासपुर
मो. 7828227300

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि पक्षकार 1. जगन्नाथ शर्मा 2. आनंद चंद्र श्रीवास 3. बी.एन. झा फर्म आनंद मंगल रियल स्टेट, नेहरू नगर, गणेश चौक, बिलासपुर ने श्री यशवन्त सराफ द्वारा अनुबंधित भूमि जो कि शासकीय दस्तावेज में भूमि स्वामी

1. सुनीता मौर्य पति स्व. राजेन्द्र मौर्य 2. वैष्णवी मौर्य पिता स्व. राजेन्द्र मौर्य दर्ज है। जो चुचुहियापारा चौक, ग्राम तोरवा हल्का 00037 रा.नि. जूना बिलासपुर स्थित है खसरा नं. (1) 764/2- 0.0530 (2) 764/65- 0.1770 (3) 775/21- 0.0810 (4) 775/22- 0.770 कुल खसरा नं. 04 रकबा 40 डिसमिल का सौदा किया गया है।

अतः उक्त सौदे में फीस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय/ अर्द्धशासकीय बैंक इत्यादि को आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज आपत्ति दर्ज करायें, अन्यथा समय पश्चात की गई आपत्ति अमान्य व अवैध मानी जावेगी।

भवदीय
आनंद मंगल रियल स्टेट
बिलासपुर
मो. 9300677235, 8718899994, 7470422727


व्ही.एन. झा
आर.पी. सिंह
लव दीक्षित (अध्यक्ष) छठ पूजा समिति तिफरा
संजय सिंह (सचिव) छठ पूजा समिति तिफरा
रवि पासवान (अध्यक्ष) छठ पूजा समिति, माँ मरीमाई मंदिर, न्यू लोको कॉलोनी
केशव झा (सचिव) छठ पूजा समिति, माँ मरीमाई मंदिर, न्यू लोको कॉलोनी
अशोक झा
गणेश गिरी
डॉ. के.एन. चौधरी
बी.एन. ओझा
सुधीर झा
विनोद सिंह
सुनील सिंह
गन्नाथ मिश्रा
अभय नारायण राय
ए.के. कंठ
विजय ओझा (अध्यक्ष), भोजपुरी समाज
लव झा
हरिशंकर कुशवाहा
त्रिभुवन सिंह
आस्था, पवित्रता व सूर्य उपासना के महापर्व
छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रवीण झा समाजसेवी
अयोध्या यात्रा
प्रवीण झा
राम प्रताप सिंह
अजय सिंह
जितेन्द्र ठाकुर
संजय सिंह
धनंजय झा
दिलीप चौधरी
विनोद सिंह
प्रशांत सिंह
डॉ. धमेन्द्र कुमार
चन्द्रकिशोर प्रसाद
आशीष मिश्रा
राजीव गिरी
अमरकांत तिवारी
बीएन यादव
विजय दुबे
बिरेन्द्र तिवारी
ए.के. पाण्डेय
धीरज झा
मिथलेश ठाकुर
रौशन सिंह
अजित पंडित
पीसी झा
सीपी साहू
सी.एम. सिंह
रविन्द्र सिंह
सुभाष तिवारी
सुरेश सिन्हा
पी.एन.लाल
मुकेश झा
रामसखा चौधरी
सतीश सिंह
नवीन सिंह
हेमंत झा
राजेश प्रताप सिंह
पवन सिंह
चंदन सिंह
शिव प्रसाद आग्रे
कन्हैया चौधरी
सागर सिंह
श्यामावतार सिंह
सुरेन्द्र सिंह
संतोष सिंह
रामअवतार सिंह
पी.के.सिंह
निर्भय कुमार चौधरी
संदीप गिरी
जय शंकर ओझा
किशन गिरी
दिव्यांश झा
शैलेन्द्र सिंह
रूपेश कुशवाहा
आशीष चौधरी
रविन्द्र कुशवाहा
सत्री गिरी
जैकी गुप्ता
केशव झा
अंकित झा
सोनवान सिंह यादव
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बिलासपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश अनूपपुर निवासी दीपक यादव पिता बालचंद यादव 16 साल सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सिविल लाइन क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### गुमटी में लगाई आग दो भाई गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होटल गुमटी में आग लगाकर मारपीट करने वाले दो भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 23 अक्टूबर को खोंगसरा में होटल गुमटी में आग लगाई। इसके अलावा 25 अक्टूबर को आमागोहन खोंगसरा निवासी प्रदीप शर्मा के साथ दो युवकों के द्वारा मारपीट किया गया था। पुलिस ने दोनों मामले में बीएनएस की धारा 326, च, 296, 351, 2, 115, 2, 3, 5 के तहत आरोपी आमागोहन निवासी विवेक उर्फ विक्की तिवारी पिता लल्ला प्रसाद तिवारी 30 साल, उसके भाई विमल तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 14 जुआरी

**बिलासपुर।** सरकण्डा व सिरगिट्टी पुलिस ने जुआ खेलते हुए 14 जुआरियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। सरकंडा पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर शनिचरी बाजार में दबिश देकर जुआ खेलते गुरूचरण दास मानिकपुरी, गोलू कश्यप, पप्पू साहू, बंटी साहू, बड़ा साहू, रामकरण साहू, सूरज साहू, रामकृपाल साहू को पकड़ लिया। उनके पास से 8050 रुपए जब्त किया गया है। इसी तरह सिरगिट्टी पुलिस ने आश्रय परिसर पार्किंग में दबिश देकर जुआ खेलते टेकराम पाल, राकेश यादव, सूरज विश्वकर्मा, सूरज श्रीवास, अश्वनी मरावी, दीपक श्रीवास को पकड़ लिया है। उनके पास से 2910 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राज्य स्थापना दिवस 1 से 5 नवंबर तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर जिले के शासकीय भवनों के साथ निजी संस्थाओं में आगामी 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक आकर्षक रोशनी की जाएगी। 25 वर्षों की विकास यात्रा की थीम के अनुरूप भवनों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे प्रदेश की प्रगति एवं उपलब्धियों का संदेश जन-जन तक पहुंचे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय भवनों के साथ-साथ निजी संस्थाओं को भी अपने कार्यालय भवनों में रोशनी करने के लिए अनुरोध किया है।

### सैनिक स्कूलः प्रवेश परीक्षा, आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा ली जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट www.nta.ac.in या https:// exams.nta.ac.in /sanik- school-society पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सिम्स में वीडियोग्राफी के साथ तीन डाक्टरों की टीम ने किया पोस्टमार्टम

# भाई और पिता को कमरे में बंद कर दिया, छात्र की लाश नहीं सिर्फ फोटो दिखाई, हंगामे के बीच हुआ पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के एक तालाब में छात्र की मिली लाश फिजिक्स विभाग के पांचवें सेमेस्टर में अध्ययनरत अरसनाल अंसारी की निकली। पिता द्वारा पहचान किए जाने के बाद रविवार को सिम्स में छात्रों के हंगामे के बीच डाक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई और शव परिजन को सौंप दिया गया। परिजन छात्र का शव लेकर एम्बुलेंस से गृहग्राम के लिए रवाना हो गए हैं। इधर मृतक छात्र के पिता अरसद अयूब अंसारी ने गुरुघासीदास विश्व विद्यालय प्रबंधन गंभीर पर आरोप लगाते हुए कोनी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मृतक के भाई और पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह बिलासपुर पहुंचे, तो उन्हें केवल फोटो दिखाई गई लेकिन भाई का शव नहीं दिखाया गया, जिससे वे पहचान की पुष्टि नहीं कर सके। अयूब का आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उन्हें जबरदस्ती एक कमरे में बंद रखा और बाहरी लोगों या मीडिया से मिलने नहीं दिया गया।

- पिता ने लगाई न्याय की गुहार, आश्वासन के बाद शव लेकर बिहार रवाना

ज्ञात हो कि 23 अक्टूबर को जीजीयू के तालाब में एक युवक की लाश मिली थी और लाश पूरी तरह सड़ गई थी। पुलिस ने पहचान नहीं होने से शव सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया था। 24 अक्टूबर को विश्वविद्यालय प्रबंधन ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि स्वामी विवेकानंद हास्टल में रहकर भौतिकी संकाय के पांचवे सेमेस्टर में पढ़ने वाला छात्र अरसलान अंसारी के दो दिन से लापता है। 25 अक्टूबर को मृतक के छोटे भाई ने टीशर्ट देखकर तालाब में मिले शव का अपने भाई अरसलान अंसारी के रूप में पहचान की। 26 अक्टूबर को पिता अर्शद अयूब अंसारी ने शव देकर अपने बेटे अरसलान अंसारी के रूप में पहचान की।


मृत छात्र के पिता और भाई से बात करती पुलिस। इनसेट में मृतक।


पोस्टमार्टम के बाद एम्बुलेंस से शव लेकर रवाना हुए परिजन।

### पिता ने विवि प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए

मृत छात्र के पिता ने विवि प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोनी थाने में शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि 20 अक्टूबर को बेटे से बात हुई थी। 21 अक्टूबर को फोन बंद मिलने पर उन्होने वार्डन को सूचना दी गई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। थाने में प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गई और घुमाया गया। मेरे पुत्र के शरीर पर टीशर्ट एवं सिर्फ अंडरपेंट दिखाई दिया लोवर नहीं था। मोबाइल फोन में दो नंबर है जिसमें एक बंद बता रहा है एवं एक चालू है। बिहार से 1000 किलोमीटर की दूरी से अपने पुत्र मोह में पहुंचा लेकिन मुसीबत में विवि की ओर से कोई मदद नहीं की गई। पिता ने यह भी कहा है कि उनका पुत्र आत्महत्या नहीं कर सकता। शिकायत में कुलपति प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई है।

### वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम

सिम्स में पोस्टमार्टम के दौरान बड़ी संख्या में एबीवीपी के छात्र पहुंच गए और विश्वविद्यालय पर घोर लापरवाही और हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर सीएसपी आईपीएस गगन कुमार सिम्स पहुंचे और छात्रों को आरोपों की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद हंगामा शांत हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई की और दोपहर 1 से 2 बजे तक सिम्स के डाक्टरों की टीम के द्वारा वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया गया है। शाम 4 बजे पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। मृत छात्र के पिता और भाई एम्बुलेंश के माध्यम से शव गृहग्राम बिहार के लिए रवाना हो गए।

### छठवें दिन तालाब में मिला लोवर व मोबाइल

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने विस्तृत जांच के लिए सीएसपी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय पुलिस टीम का गठन भी कर दिया है। इधर तालाब में मिले शव की पहचान छात्र के रूप में तो हुई लेकिन मृतक का लोवर व मोबाइल गायब था। जिससे मामले संदिग्ध हो गया था। छठवें दिन रविवार को जांच टीम के द्वारा एसडीआरएफ टीम को बुलाकर तालाब में फिर से जांच कराई गई। सर्च के दौरान 20 फीट गहराई में मृतक के काले रंग का लोवर व मोबाइल मिला है। मोबाइल पूरी तरह से खराब हो गया है। मोबाइल को जांच के लिए साइबर सेल भेज दिया गया है।

### सुरक्षा पर 30 लाख रुपए हर महीने खर्च

सेंट्रल यूनिवर्सिटी की सुरक्षा व्यवस्था की बात करें तो हर महीने करीब 30 लाख रुपए इस पर खर्च किए जाते हैं। करीब 11 हजार छात्र, स्टाफ और कंस्ट्रक्शन वर्कर्स प्रतिदिन कैंपस में रहते हैं, ऐसे में यह घटना उनकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। विश्वविद्यालय के मुताबिक 180 गार्ड तीन शिफ्टों में तैनात रहते हैं। हर शिफ्ट में 60 गार्ड पूरे विश्वविद्यालय परिसर की निगरानी करते हैं। इसके साथ ही 10 के करीब एक्स सर्विस मैन भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी की सुरक्षा की कमान संभालने के लिए हैं। इसके अलावा चीफ वार्डन डॉ. प्रतिभा जे. मिश्रा और प्रशासनिक वार्डन डॉ. महेश ढपोला, सुरक्षा अधिकारी डॉ. सीमा राय भी हैं। इसके बावजूद तीन दिन तक छात्र हास्टल से गायब रहा और किसी को पता तक नहीं चला। पूरे सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर को सीसी कैमरे से कवर करने का दावा है लेकिन सुरक्षा में यह चूक बड़ा सवाल पैदा करती है।

### मेधावी और परिवार में छोटा था अरसनाल

बिहार से पहुंचे मृत छात्र के भाई कौशलबेर अंसारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी में उन्होंने अपने भाई को पढ़ने भेजा था। वो चाहते थे कि उनका भाई इस यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन कर निकले, लेकिन एक ग्रेजुएट भाई के बजाय सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने उनके परिवार को उनके भाई का मृत देह सौंपी है। इससे पूरा परिवार सदमे में चला गया है। भाई के मुताबिक अरसनाल अंसारी तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार में तीन बहनें भी हैं। अरसनाल पढ़ाई में बहुत मेधावी था।

### गंभीरता से जांच की जाएगी

शिनाख्ती और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में पाया गया है कि छात्र अकेले मोबाइल पर बातचीत करते तालाब की ओर जा रहा है। 20 फीट नीचे तालाब में लोवर व मोबाइल मिला। घरवालों का कहना है मृतक को तैरना नहीं आता था। गुरुघासीदास प्रबंधन के खिलाफ मिली शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी।

**-गगन कुमार**, आईपीएस, कोतवाली सीएसपी

# बिलासा एयरपोर्ट का रन वे खस्ताहाल, पीडब्ल्यूडी अब तक नहीं कर सका टेंडर, समिति ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रनवे को बने 5 साल से अधिक का समय बीत चुका है, रनवे में नए सिरे से डामर किया जाना अनिवार्य हो चुका है। साथ ही 30 मीटर की चौड़ाई वाले रनवे में दोनों ओर 7.5 मीटर का कांक्रीट का शोल्डर है, जिससे डामर का किया जाना है लेकिन बारिश बीतने के बाद भी पीडब्ल्यूडी असमंजस्य की स्थिति में है। अबतक टेंडर प्रक्रिया ही पूरी नहीं की जा सकी है, जिसके चलते काम अधूरा है।

- संघर्ष समिति ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

बिलासा देवी केंवट के सालों पुराने रनवे में डामरीकरण का काम लंबित है, यह कार्य इसकी मजबूती के लिए बेहद जरूरी है लेकिन एयरपोर्ट अथारिटी ने टेंडर में एक क्लास जोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऐसे ठेकेदार से काम कराना चाहती है जिसने पहले 5 सालों तक रनवे में निर्माण कार्य किया है, जबकि पीडब्ल्यूडी के पास ऐसे कंडिशन को मानने की मजबूरी नहीं है। दरअसल बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट पर पिछले 7 सालों से पीडब्ल्यूडी ही एजेंसी के तौर पर काम कर रही है, इससे पहले भी रनवे का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया है लेकिन कंडिशन के आने के बाद टेंडर प्रक्रिया लटक चुकी है। बताया जा रहा है कि बारिश निकलने के बाद भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इसे लेकर कोताही बरत रहे है जिसके चलते एयरपोर्ट के रनवे का मजबूतीकरण रूक गया है। रनवे के शोल्डर में डामरीकरण करने में 11 करोड़ का खर्च आ सकता है।


नेहरू चौक पर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य।



रैली में शामिल समिति के सदस्य व अन्य संगठनों के लोग।

### समिति ने पीएम से की मांग करें 500 करोड़ की घोषणा

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के आंदोलन को 6 साल पूरे होने पर बिलासा दाई मठ पर धरना दिया गया और नेहरू चौक तक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया। समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए ज्ञापन में मांग की है कि 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बिलासा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 290 एकड़ जमीन वापसी और 500 करोड़ अनुदान की घोषणा करें। सदस्यों ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए रायपुर दुर्ग भिलाई क्लस्टर के बाहर भी विकास कार्य आवश्यक है। रविवार को समिति द्वारा धरना आंदोलन पचरी घाट स्थित बिलासा दाई केवट के मठ में किया गया। यहां जन संगठन और समाज के हर वर्ग की भागीदारी रही। विशेष रूप से निषाद समाज, महिला निषाद समाज, जिला अधिवक्ता संघ, बिलासपुर जिला सिंधी समाज , सिख समाज, सत्व ब्राह्मण समाज, बिलासपुर दक्षिण पूर्व रेलवे मजदूर कांग्रेस, बोदरी नगर पंचायत पार्षद दल हसदेव बचाओ समिति ,आदर्श युवा मंच, हिंदुस्तान युवा मंच और जूना बिलासपुर के नागरिक और कार्यकर्ता विशेष रूप से आंदोलन में शामिल हुए। इसके बाद रैली निकाली गई। जहां जूना बिलासपुर होते हुए सदर बाजार होते हुए धरना स्थल होते हुए नेहरू चौक पहुंचा गया। इस दौरान 290 एकड़ जमीन व 4सी एयरपोर्ट और चार महानगरों तक सीधी उड़ान की मांग की गई। जहां तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन विधिवत ग्रहण किया। आंदोलन में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया पूर्व महापौर रामशरण यादव,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय पांडे और विजय केशरवानी, चंद्रशेखर बाजपेई, देवाशीष धारा, लकी यादव, विनोद यादव, घनश्याम चतुर्थी, परशुराम केवट, बद्री प्रसाद केवट,प्रकाश बहरानी, अमर बजाज, मनोहर खटवानी, मनजीत सिंह अरोरा, जसबीर सिंग चावला, रणजीत सिंग खनूजा,आशा दुबे, वीरेंद्र दुबे आदि भी शामिल हुए। इसके साथ अविनाश बॉलर, शुभम जायसवाल, रोशन जायसवाल,समारोह केवट, रंजीत मोटू सुल्तान, अंकित क्रश, संजू बना, मोइन मिर्जा, अखिल अली, साबर अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### 1690 मीटर है रन वे की लंबाई

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में वर्तमान रनवे 1690 मीटर है। इसकी चौड़ाई 30 मीटर की बनाई गई है। साथ ही रनवे के दोनों 7.5 मीटर का शोल्डर है। इसकी चौड़ाई 45 मीटर की जानी है, जिसके चलते कांक्रीट के शोल्डर पर डामर किया जाना है। दरअसल इस बारिश में रनवे पर कई जगहों पर पानी भरने की समस्या सामने आई है। जिसके चलते रनवे क्षतिग्रस्त हो रहा है। पीडब्ल्यूडी शोल्डर को रनवे से मिलकर इसके ठीक करना चाहता है, जिसके चलते 11 करोड़ रूपए खर्च होंगें।

### नया बनाने में अभी देरी

खास बात यह है कि 4 सी एयरपोर्ट के लिए रनवे की लंबाई 27 सौ मीटर के करीब किया जाना है, लेकिन पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन एक बार फिर 11 करोड़ खर्च कर महज मजबूतीकरण करने की फिराक पर है, जबकि रनवे की लंबाई बढ़ाने में करोड़ों रूपए खर्च किए जाने है। पीडब्ल्यूडी, एयरपोर्ट और जिला प्रशासन द्वारा हर बार करोड़ों रूपए खर्च किए जा रहे है लेकिन 4सी एयरपोर्ट अधर में है। वर्तमान में इसके निर्माण में देरी है।

### उच्च कार्यालय से मांगा गया मार्गदर्शन

एयरपोर्ट प्रबंधन ने टेंडर के क्लॉज में कुछ बदलाव की सिफारिश की है। हम पहले भी काम करा चुके है, और अभी कराएंगें लेकिन इसके लिए उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया है। इस पर विचार करने के बाद भी टेंडर फाइनल किया जा सकेगा।

**-केपी संत**, एसई, पीडब्ल्यूडी

# पत्नी की टंगिया व चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चरित्रशंका पर पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर टंगिया व चाकू से हमला कर दिया। घायल महिला को इलाज के लिए रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

- आरोपी से टंगिया एवं चाकू जब्त

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 25 अक्टूबर को शिवतराई निवासी रामचरण पोर्ते ने रिपोर्ट लिखाई। उनका दमाद राजेश कुमार मरावी ने चरित्रशंका को लेकर अपनी पत्नी नांदबाई मरावी के साथ विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर राजेश कुमार ने मारपीट करते हुए पत्नी पर टंगिया व चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए कोटा अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टर ने उसकी स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए रायपुर डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने श्री पोर्ते की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 295, 351, 1, 115, 2, 103, 1 के तहत आरोपी पति राजेश कुमार मरावी पिता चैतराम मरावी 40 साल को गिरफ्तार कर टंगिया एवं चाकू जब्त कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यकता है
हरिभूमि कार्यालय में क्लासीफाईड मार्केटिंग कार्य के लिए मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है
वेतन योग्यतानुसार/शिक्षा स्नातक।
स्वयं का वाहन होना अनिवार्य है
इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन भेजें।
रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर छ.ग. फोन. 07752-401054

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने की कोशिश करने वाले 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रार्थना सभा में प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का प्रयास करने वाले 6 लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, रविवार की सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली ग्राम हिर्री में कुछ लोगों के द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित कर हिंदू लोगों को प्रलोभन व भोजन का लालच देकर धर्मान्तरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचित करते हुए अपने साथ लेकर प्रार्थना सभा में दबिश दी और सभा आयोजित करने वालों को पकड़कर थाने लेकर आई। पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ता सुमित सिंह पिता स्व. घनश्याम सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर गोरेलाल टण्डन, सहोद्रा टण्डन, हरानंद टण्डन, जयपाल केंवट, ज्योतीश कुमार अंचल, कुमार तरूण सूर्यवंशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तारी करने के बाद मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

# स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने प्रशिक्षकों के लिए 30 तक आवेदन

**बिलासपुर।** जिले के 217 हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण देने के लिए इच्छुक प्रशिक्षकों से 30 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए है। प्रशिक्षण की अवधि 30 दिवस की होगी। मानदेय प्रति विद्यालय 5 हजार रुपए दिया जाएगा। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन व्यक्तिगत एवं संगठन के माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा माध्यमिक, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र 21 बिलासपुर में 30 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इच्छुक प्रशिक्षकों से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसकी तैयारी पहले से ही प्रारंभ कर दी गई है। उनकी नियुक्ति से निश्चित ही छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिल सकेगा।